दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 25 | सीकर, सोमवार 23 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## दो पुलिसकर्मी आठ लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की इंटेलिजेंस यूनिट उदयपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना मांडवा के थानाधिकारी निर्मल कुमार खत्री और कांस्टेबल भल्लाराम पटेल को 8 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मांडवा थाने के थानाधिकारी निर्मल कुमार खत्री और कांस्टेबल भालाराम ने एनडीपीएस एक्ट केस में चार लोगों को आरोपी नहीं बनाने की एवज में रिश्वत मांगी थी। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि गोपनीय शिकायत में आरोप था कि परिवादियों को एक प्रकरण में आरोपी नहीं बनाने की एवज में 20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। सत्यापन में प्रत्येक आरोपी के बदले 5-5 लाख रुपए की मांग सामने आई। जिसके बाद 8 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। एसीबी टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपियों को 1 लाख रुपए के वास्तविक नोट और 7 लाख रुपए के डमी नोट सहित कुल 8 लाख रुपए लेते हुए धर दबोचा। यह कार्रवाई उप महानिरीक्षक डॉ रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक डॉ सोनू शेखावत के नेतृत्व में की गई।

## गणगौर पर्व पर एयरगन निशानेबाजी प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** गोगटिया बागावतान में गोगटिया गढ़ के अंतिम जागीरदार ठाकुर किशन सिंह राठौड़ की पुण्य स्मृति में भव्य एयरगन निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गणगौर महोत्सव के पावन उपलक्ष्य पर आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की प्राचीन परंपराओं को सहेजने और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का अनूठा प्रयास देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लगभग 70 प्रतिभागियों ने अपने अचूक निशाने का प्रदर्शन किया। गोगटिया गढ़ परिवार द्वारा यह आयोजन पिछले कई वर्षों से निरंतर करवाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना और पारंपरिक कौशल को जीवित रखना है।

### प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में विजेताओं ने अपने कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में नरेश प्रजापत गोगटिया चारणान एवं दिग्विजय सिंह कालीपहाड़ी संयुक्त रूप से विजेता रहे। द्वितीय स्थान विकास कुमार एवं यशवर्धन सिंह पीलीबंगा ने हासिल किया।तृतीय स्थान यश भाटी एवं देवेन्द्र सिंह खोह ने प्राप्त किया। महिला निशानेबाजी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूर्णिमा शेखावत कालीपहाड़ी, द्वितीय स्थान हिमांशी राठौड़ रही। ?कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आनन्द सिंह लुडनिया, मनोज पंवार, प्रदीप सिंह मानपुर, बनवारी प्रजापत, संजय ओझा, विजय पूनिया, विजय सिंह राठौड़ और नरेंद्र जी भाटी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए इस आयोजन की सराहना की। ?इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में कार्यक्रम संयोजन समिति के जीवराज सिंह नन्दलाल सिंह, लक्ष्मण सिंह गोगटिया, विजय सिंह, गिरवर सिंह, महेंद्र सिंह, चन्द्र सिंह और हेम सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## प्रिंस एकेडमी में अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के फोर्टनाइटली टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, कोऑर्डिनेटर्स व फैकल्टी मेंबर्स ने 148 टॉपर्स विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि रेगुलर स्टडी, डिसिप्लिन एंड कंटीन्यूअस प्रैक्टिस ही सफलता की कुंजी है।

## घरेलू फ्लाइट्स का किराया 23 से बढ़ा सकेंगी एयरलाइंस

**नई दिल्ली।** अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं।

## उपभोक्ता संरक्षण की नई पहल

# न्याय योद्धा बनकर करें जनसेवा

### नागरिक को उसके अधिकारों के प्रति सजग बनाना अभियान का उद्देश्य : मील

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** आमजन को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा उपभोक्ता के बढ़ते कदम न्याय के लिए अभियान की शुरुआत की गई है। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने इस नवाचार के माध्यम से जिले के प्रत्येक कस्बे, गांव और ढाणी तक उपभोक्ता कानून की जानकारी पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

### वॉलंटियर बनेंगे न्याय योद्धा

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अधिवक्ता, युवा शक्ति, पूर्व सैनिक, शिक्षाविद और खिलाड़ी कंज्यूमर्स वॉइस वॉलंटियर के रूप में जुड़कर न्याय योद्धा बन सकते हैं। ये वॉलंटियर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत मिले अधिकारों और ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को आमजन तक सरल तरीके से पहुंचाएंगे।

### 14 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

कंज्यूमर्स वॉइस वॉलंटियर बनने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 14 अप्रैल, डॉ. अम्बेडकर जयंती तक जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद चयन समिति द्वारा एक सप्ताह में आवेदनों की समीक्षा कर अंतिम सूची जारी की जाएगी।

### प्रशिक्षण और पहचान पत्र की व्यवस्था

चयनित वॉलंटियर्स को कार्यशाला के माध्यम से उपभोक्ता कानून, अधिकारों और त्वरित न्याय प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाएगा तथा उन्हें परिचय पत्र भी जारी किए जाएंगे।

### महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाएंगे वॉलंटियर


न्याय योद्धाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। वे अपने क्षेत्र में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और दायित्वों के प्रति जागरूक करेंगे, एक्सपायरी खाद्य सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने में सहयोग करेंगे तथा सेवा प्रदाताओं द्वारा किए जा रहे अनुचित व्यवहार और डार्क पैटर्न जैसी गतिविधियों के खिलाफलोगों को सचेत करेंगे। साथ ही, आवश्यक होने पर जिला प्रशासन को सूचित कर कार्रवाई सुनिश्चित करवाएंगे।




### उत्कृष्ट कार्य पर मिलेगा सम्मान

मनोज कुमार मील ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कंज्यूमर्स वॉइस वॉलंटियर्स के नाम भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग को भेजे जाएंगे, ताकि उन्हें उपभोक्ता संरक्षण कार्यकर्ता के रूप में सम्मानित किया जा सके और उनके अनुभव के आधार पर विशेष कार्ययोजना तैयार की जा सके।

### मनोज कुमार मील का कथन



इस अभियान का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि हर आम नागरिक को उसके अधिकारों के प्रति सजग बनाना है। कंज्यूमर्स वॉइस के माध्यम से तैयार होने वाले न्याय योद्धा गांव-ढाणी तक उपभोक्ता जागरूकता की मजबूत कड़ी बनेंगे और जरूरतमंद लोगों को त्वरित न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी का आह्वानः हर बूंद बचाने का लें संकल्प

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व जल दिवस के अवसर पर देशवासियों से जल संरक्षण का संकल्प दोहराने की अपील करते हुए कहा कि पानी न सिर्फ जीवन का आधार है, बल्कि हमारे ग्रह के भविष्य को भी आकार देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, जल हमें जीवन देता है और हमारे ग्रह के भविष्य को आकार देता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर, आइए हम जल की हर बूंद को बचाने और उसका जिम्मेदारी से उपयोग करने के अपने संकल्प को दोहराएं। आज उन लोगों की सराहना करने का भी दिन है, जो सतत उपायों को अपनाते हैं, जागरूकता फैलाते हैं और संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में जल प्रबंधन, संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। आज जल संरक्षण जनभागीदारी से प्रेरित एक सशक्त राष्ट्रीय अभियान का रूप ले चुका है, जहां नीतियों के साथ-साथ समाज की सक्रिय जन भागीदारी इस दिशा में नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। उन्होंने आगे लिखा, स्वच्छ पेयजल की बेहतर उपलब्धता ने अनेक क्षेत्रों में महिलाओं के श्रम को कम किया है, जिससे उनके जीवन में गरिमा और सुविधा का विस्तार हुआ है।


## क्षतिग्रस्त सड़क से हो रही परेशानी

निसं




**चिड़ासन (नवयत्न)।** क्षेत्र के मानोता जाटान, ढाणी बाढ़ान एवं घरडाना खुर्द रोड पूरी तरह से टूट कर बिखर चुकी है। ढ़ाणी बाढ़ान से तीन किलोमीटर सड़क का तो नामोनिशान ही मिट चुका है। सड़क के पुनर्निर्माण के लिए ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को कई बार पत्र लिख चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। इस सड़क का निर्माण 15 अक्टूबर 2018 को हुआ था तब से लेकर अब तक इस सड़क पर पेंचवर्क तो हुए हैं लेकिन पेचवर्क का नामोनिशान भी मिट चुका है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह सड़क अब गड्ढे में तब्दील हो गई है। सड़क पर वाहनों के चलने के कारण हर समय धूल के गुब्बारे उड़ते दिखाई देते इस कारण कई बार दुर्घटनाएं घट चुकी है। इस सड़क पर रोजाना चिड़ावा से खेतड़ी सिंघाना से बसावता आने जाने वाले लोगों की भीड़ लगी रहती है। ग्रामीणों का कहना है बीते 7 वर्षों में पीडब्ल्यूडी को इस जर्जर रोड के पुनर्निर्माण की मांग की है।

## राम जन्मोत्सव पर भव्य बधाई उत्सव में भजनों से गूंजा माहौल



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में चल रहे श्री राम जन्मोत्सव के तहत रविवार को सरस निकुंज के तत्वाधान में भव्य बधाई उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन पूज्य महाराज अलबेली माधुरी शरण के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि इस अवसर पर भगवान श्रीराम के श्रीचरणों में बधाई अर्पित की गई तथा भजन-कीर्तन, मंगलगान और बधाई गीतों का सुमधुर गायन हुआ। झांझ, मंजीरे और ढोलक की स्वर लहरियों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रभु का गुणगान करते रहे। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि चांदपोल बाजार स्थित पावन धाम ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव के तहत 23 मार्च सोमवार को सरस कुंजू के तत्वावधान में भव्य बधाई उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूज्य महाराज अलबेली माधुरी शरण के सान्निध्य एवं आशीर्वाद में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के श्रीचरणों में बधाई अर्पित की जाएगी। साथ ही भजन-कीर्तन, मंगलगान एवं बधाई गीतों का सुमधुर गायन होगा। झांझ, मंजीरे व ढोलक की मधुर ध्वनियों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा और श्रद्धालु प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर परिसर में श्रीराम नवमी के आयोजन की तैयारियां भी जोर-शोर से जारी हैं।

## गणगौर मेले की धूम, प्रतियोगिताओं में विजेताओं का हुआ सम्मान

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** गांव सौंथली में आयोजित गणगौर मेले में इस बार उत्साह और उमंग का अनोखा माहौल देखने को मिला। मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक व पारंपरिक प्रतियोगिताएं हुई जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले में ऊंट नृत्य में मोनू सुल्ताना प्रथम व धर्मेंद्र छावसरी द्वितीय स्थान पर रहे। घोड़ी नृत्य में धर्मेंद्र प्रथम व नेकीराम छावसरी द्वितीय रहे।भारोत्तोलन में सन्नी, वरिष्ठ नागरिक दौड़ में बहादुर सिंह मीणा, मटका दौड़ में मीना जांगिड़, म्यूजिकल चेयर में गर्विता आर्य प्रथम तथा जलज खरींटा, मोतीलाल सेन, ज्योति भार्गव, दीक्षा कुमारी द्वितीय स्थान पर रहे, वही कुश्ती में आजाद मीणा ने बाजी मारी। युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे मेले में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रशासक परमेश्वरी देवी ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की कमान योद्धा ग्रुप ने संभाली। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से गांव की संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिलता है तथा आपसी भाईचारा मजबूत होता है। मेले में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिससे मेला क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना रहा।



## परशुराम क्रिकेट लीग का शुभारम्भ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने रविवार को विप्र फाउंडेशन द्वारा जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड, मालवीय नगर में आयोजित परशुराम क्रिकेट लीग में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन की पाठशाला और नेतृत्व की प्रयोगशाला है, जहां हर खिलाड़ी न केवल जीतना सीखता है, बल्कि जिम्मेदारी निभाना और टीम को साथ लेकर आगे बढ़ना भी सीखता है। मैदान में पसीना बहाने वाला युवा जीवन में हर चुनौती का सामना करने में सक्षम होता है। उन्होंने आयोजन के लिए विप्र फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों को साधुवाद देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन जोन 1 के जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेता गोविंद जौहरी, नवनीत पारीक, मधुसूदन शर्मा, उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, महामंत्री कमल शर्मा, देवेंद्र शर्मा, सिद्धार्थ जोशी, सिविल लाइंस अध्यक्ष हर्ष कौशिक, राहुल शर्मा, अंकुश शर्मा, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।




## कोबरी-सार



## वृद्धजन भ्रमण पथ बना सामाजिक गतिविधियों का केंद्र

### हॉर फॉर नेशन का स्वच्छता अभियान सफल



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** रविवार प्रातः हॉर फॉर नेशन टीम द्वारा वृद्धजन भ्रमण पथ, बीकानेर स्थित आंतरिक पार्क क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे प्रारम्भ हुए इस अभियान के दौरान पार्क के भीतर से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भर कचरा हटाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र की साफसफाई और व्यवस्था में स्पष्ट सुधार देखा गया। रविवार की यह सुबह शहर के नागरिकों के लिए अत्यंत सक्रिय और सांस्कृतिक गतिविधियों से परिपूर्ण रही। पार्क के एक भाग में हॉर फॉर नेशन के स्वयंसेवक सफाई अभियान में जुटे थे, वहीं दूसरी ओर नागरिकों का एक समूह भजन और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर रहा था। इसी समय लगभग 200 युवाओं का बीकानेर रन क्लब भी अपनी नियमित दौड़ और व्यायाम गतिविधियों में संलग्न था। इन सभी गतिविधियों ने इस स्थान को रविवार सुबह का एक जीवंत और सकारात्मक सामाजिक केंद्र बना दिया है, जहाँ नागरिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले रविवार को भी हॉर फॉर नेशन टीम ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर इसी स्थल पर संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया था। लगातार हो रहे इन प्रयासों से वृद्धजन भ्रमण पथ क्षेत्र में स्वच्छता के साथ-साथ नागरिक सहभागिता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अभियान के समापन पर सभी एकत्रित हुए और ‘भारत माता की जय’ के सामूहिक उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

#### अभियान में ये रहे उपस्थित

गजेंद्र सरीन, सीए वसीम रजा, डॉ. रेखा श्रीवास्तव, गुरमोहन सेठी, सुरभि शर्मा, डॉ. फारूक, मोहम्मद हसन, बृजेन्द्र पांडे, नवीन शर्मा, बसंत, सीए सुधीश शर्मा, दीपा सिंह, वंदना शर्मा, इन्द्र सिंह, रामहंस मीणा, कपिला शर्मा, डॉ. बृजेन्द्र त्रिपाठी, माणक व्यास, अरुण, मेवा सिंह, भवानी सिंह राजपुरोहित सहित अन्य ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

#### हॉर फॉर नेशन की पृष्ठभूमि

वर्ष 2016 में प्रारम्भ हुई हॉर फॉर नेशन पहल का उद्देश्य नागरिकों को सप्ताह में कुछ समय समाज और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित करने हेतु प्रेरित करना है। संस्था हर रविवार पर स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम और सामाजिक सेवा गतिविधियों के माध्यम से शहर में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयास करती रही है।

#### संस्था का मूल संदेश-हर सप्ताह कुछ समय राष्ट्र के नाम

वृद्धजन भ्रमण पथ पर आयोजित यह अभियान इसी निरंतर प्रयास की एक महत्वपूर्ण कड़ी रहा, जिसने सामूहिक भागीदारी से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और उपयोगी बनाए रखने का संदेश पुनः मजबूत किया।

## संविधान संगोष्ठी आयोजित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** डॉ भीमराव अंबेडकर अत्याचार निवारण समिति झुंझुनू के तत्वावधान में ग्राम सारी के संविधान चौक में सेवानिवृत कैप्टन हनुमानराम देवान की अध्यक्षता में संविधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत लाइन मैंन रामस्वरूप मावर रहे समिति जिलाध्यक्ष कैलाश दास महाराज सारी धाम ने बताया इस अवसर पर सबसे पहले बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि की गई, वाइस प्रिंसिपल पवन देवान और दिनेश देवान ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला, पवन देवान ने सबसे सहयोग से सारी में पुस्तकालय खोलने के लिए जोर दिया, व्याख्याता सुशील मावर का भी सम्मान किया गया, कैलाश दास महाराज सारी धाम ने बताया जल्दी ही समिति के संगठन का विस्तार किया जायेगा आज इस अवसर पर गोरी शंकर देवान, रावत राम देवान, सुगनाराम देवान, अशोक कड़वासरा, सत्यवीर देवान, होशियार सिंह देवान, श्रींचंद देवान, शीशराम मावर, मोहनलाल कड़वासरा, रघुवीर मावर, बहादुरमल ग्राम सेवक, सोमदत देवान, शायर मेघवाल उपस्थित रहें।

## विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के वार्ड संख्या दो की रहने वाली 35 वर्षीय विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफमामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड संख्या दो की रहने वाली पुष्पा रूलाणिया पत्नी गिरधारीलाल जाट अपने पिता नानकराम के साथ पुलिस थाने में पेश होकर रिपोर्ट दी कि वह 20 मार्च की शाम घर पर अकेली थी। इस दौरान उसके ससुराल पक्ष के लोग ओमप्रकाश, कुरड़ाराम, बजरंगलाल, सुनील, रामस्वरूप, रामनिवास, विलमा, गोदावरी, सरोज, विकास सहित अन्य लोग गाली-गलौच करते हुए उसके घर में प्रवेश किया तथा उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। इन लोगों ने घर में रखे हुए दो लाख रुपए तथा अन्य वस्तुएं चोरी कर ले गए।

# दाऊधाम कालाकोटा में 108 कुण्डात्मक गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ जारी

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कालाकोटा के 700 वर्षों पुराने दाऊधाम में परमपूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज के सान्निध्य में गौ माता की पूजा अर्चना से शुरू होने वाली 9 दिवसीय 108 कुण्डात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं, भक्तगणों, संत महात्माओं जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, ग्रामीणजनों, भामाशाहो का जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं भक्तगणों ने यज्ञ भगवान के परिक्रमा लगाकर आशीर्वाद लिया तथा सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। यज्ञाचार्य पण्डित चिरंजीवी शास्त्री के आचार्यत्व में यजमान जोड़ों ने तीसरे दिन तक 11 लाख11 हजार आहुतियां दी। प्रधान कुंड पर संत बलदेवाचार्य महाराज, विनोददास महाराज, भोलाशंकर दास महाराज, गिरधरदास महाराज ने आहुतियां दी। मुख्य यजमान भामाशाह समाजसेवी पालेराम हिसार एवं परमेश्वर सागवान ने सपत्नीक मुख्य यजमान के रुप में आहुतियां दी। महायज्ञ में चल रही रासलीला, श्रीमद्भागवत कथा एवं रामलीला की तरफ भी श्रोताओं का ज्यादा झुकाव देखा गया। श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक भोलाशंकर दास महाराज ने कहा कि भागवत कथा हर मनुष्य को जरुर सुननी चाहिए क्योंकि भागवत कथा सुनने से पापों का नाश होता है। प्रत्येक व्यक्ति को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए, इसी से भगवत प्राप्ति होती है।19 मार्च से 27 मार्च तक चलने वाले इस 9 दिवसीय 108 कुण्डात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के चलते क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण विद्यमान है। चारों तरफ धार्मिक आस्था और विश्वास की झलक देखने को मिल रही है। पिछले तीन दिनों में महायज्ञ में क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्थान सरकार में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, डॉ मंगल यादव, डॉ मोनिका यादव, टोडा चीपलाटा मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा, रघुवीर पटेल, ताराचंद गुर्जर, भामाशाह पालेराम, संदीप यादव, पूरणमल रतलाम, ग्राम प्रशासक गजानंद गुर्जर, सीताराम यादव, डॉ सीताराम कसाना अपनी उपस्थिति लगा चुके हैं। संत महात्माओं में खेमजी धाम के भींवादास महाराज, धना पीठाधीश्वर, निमोद के किशनदास महाराज, निंबार्क रतन मनोहरशरणदास महाराज, दिवराला के किशनदास महाराज, कुंडा धाम के प्रहलाद दास महाराज, भारुपुरा धाम के बनवारीदास महाराज, सीताराम धाम टोडा के रामस्वरूप दास महाराज, लीलकाधाम के रामदास महाराज, झड़ाया के सीताराम दास महाराज, खेड़ा धाम के रतिराम दास महाराज एवं दरीबा के दादा गुरु ब्रह्मदास महाराज अपनी हाजिरी लगा चुके हैं। महायज्ञ में लग रहे चिकित्सा शिविर में भी सैकड़ों लोगों ने उपचार लेकर फायदा उठाया है। टोडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम महायज्ञ में अपनी सेवाएं दे रही है। यज्ञाचार्य पण्डित चिरंजीवी शास्त्री की टीम के 251 विद्वान पण्डितों ने महायज्ञ में पूजा अर्चना की बागडोर सम्भाल रखी है। 108 पण्डित श्री गोपाल सहस्रनामावली के जाप में लगे हुए हैं तो बाकी के पण्डित यज्ञ कार्य में जुटे हुए हैं। ब्रह्म पण्डित राजकुमार शास्त्री अपने तयशुदा कार्यक्रम में तल्लीन हैं। दिन में दो बार श्रद्धालुओं को पंगत-प्रसादी वितरित की जा रही है जिसमें हजारों की संख्या में लोग-बाग सम्मिलित हो रहे हैं। अलग-अलग कमेटियों ने अलग-अलग जिम्मेदारियां सम्भाल रखी हैं जिससे व्यवस्था बनी हुई है। प्रशासन की तरफ से भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आसपास के दर्जनों गांवों ढ़ाणियों के लोग अपने आप ही व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं। संत-महात्माओं के ठहरने की सुंदर व्यवस्था की गई है। आगंतुक अतिथियों का महायज्ञ समिति यथोचित स्वागत अभिनन्दन-सम्मान कर रही है।

कुल मिलाकर अरावली पर्वत-श्रृंखलाओं में प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित पावन धार्मिक स्थल कालाकोटा का यह दाऊधाम धार्मिक नगरी बना हुआ है जहां संत-महात्माओं, भक्तगणों श्रृद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, मिडिया कर्मियों के स्वतरू ही दर्शन हो रहे हैं। यह क्षेत्र के लोगों का सौभाग्य है कि महंत बलदेवाचार्य महाराज का चमत्कारिक सान्निध्य उन्हें मिल रहा है।

## रोटरी क्लब की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मेहता आधिकारिक यात्रा पर पधारी

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 की प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता अपनी आधिकारिक यात्रा पर रोटरी क्लब सीकर पहुँची। स्थानीय होटल रॉयल इन में आयोजित समारोह में रोटरी क्लब सीकर के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। क्लब की अध्यक्ष धीरज कंवर ने आगंतुकों का स्वागत किया। सचिव गौरव सोमानी में वर्ष पर्यन्त क्लब की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की और बताया कि जल्दी ही क्लब सीकर में एक आधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारम्भ करने जा रहा है। वरिष्ठ सर्जन डॉ जी एल राठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य को जीवन में आत्मिक शांति के लिए देने की आदत डालनी चाहिए। पीडीजी बलवंत सिंह चिराना ने रोटरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोटरी वैश्विक स्तर पर बड़े सेवा कार्य कर रहा है । सहायक प्रांतपाल डॉ दिव्या कचौलिया ने कहा कि रोटरी क्लब सीकर विगत 25 वर्षों से अनवरत चल रहे मासिक निःशुल्क सर्जरी कैम्प के लिए विख्यात है। प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता ने बताया कि रोटरी द्वारा किस प्रकार विविध माध्यमों से सेवा एवं मैत्री के कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है। जगदीश कुमावत ने प्रांतपाल का परिचय प्रस्तुत किया और योगेन्द्र शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। मंच संचालन सीए सुनील मोर एवं डॉ अमर सिंह कविया ने किया। इस अवसर पर डॉ एस एल सोनी, डॉ जितेन्द्र कचोलिया, जगदीश कुमावत, संजय कुमावत, योगेन्द्र शर्मा, विनोद खंडेलवाल, रश्मि सैनी, राजश्री सोमानी, डॉ अनिता राठी, डॉ विनी सिंह, डॉ अंकुश राठी, डॉ मुरारी गोयल, किशोर पारीक, डॉ निखिल सिंह, प्रदीप निरानिया आदि उपस्थित रहे।

## अवैध डोडा पोस्त के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मेगा हाईवे पर एक ट्रक को रोककर तलाशी ली तो पशु आहार के बीच में छुपा कर रखे हुए 46 किलो 690 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिले हैं। प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त बरामद करके भानीपुरा निवासी आरोपी सांवरनाथ सिद्ध पुत्र हरचंद, मामराज सिद्ध पुत्र भगवान नाथ को गिरफ्तार कर लिया है तथा ट्रक को भी जब्त कर लिया है। कार्यवाही करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर पप्पूराम, कांस्टेबल विद्याधर, रामस्वरूप, गजेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## होली स्नेह मिलन एवं गणगौर महोत्सव आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ के गोपीनाथ चौक पर युवा विकास मंच की ओर से होली स्नेह मिलन एवं गणगौर महोत्सव का आयोजन हुआ। समारोह मे पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा ने कार्यक्रम मे शिरकत की। पूर्व मंत्री डॉ शर्मा ने गोपी नाथ महाराज के धोक लगाई। पूर्व मंत्री ने ढप बजाकर व धमाल गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यकताओ की ओर गरमजोशी के साथ पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी के नेतृत्व में 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

पूर्व मंत्री डॉ शर्मा ने क्षेत्र वासियो को गणगौर की बधाई देते हुए ईद की मुबारकबाद देते हुए आह्वान किया कि हम सब को भाई चारे के साथ रहकर मिलजुलकर रहना चाहिए। जयपुर की सुरीलो म्यूजिक ग्रुप हर्षवर्धन एंड पार्टी की ओर से एक से बढ़कर एक फाल्गुनी लोक गीतों एवं गणगौर के गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतिया दी। बड़वासी के उभरते कलाकार बैंकट शर्मा एवं नाहरसिंघानी के आमिर खान ने भी एक से बढ़कर एक लोक गीतों की प्रस्तुतियां दी। निवर्तमान वाईस चेयरमैन शहजाद चोपदार, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजकुमार चेजारा, निवर्तमान पार्षद रमेश दर्जी, आरिफ भाटी, प्रमोद पचलँगिया, अशोक बेरवाल, कपिल सैनी, नरोत्तम चेजारा, सीपी जांगिड़, बजरंग लाल सैनी, सतीश नायक व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलँगिया, नवलगढ़ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव सैनी, नवलगढ़ पालिका के पूर्व चेयरमैन रिछपाल सैनी, इकबाल कुरेशी, अरविंद चौबे, इकबाल लुहार, आकाश, पवन शर्मा, पप्पू सोनी, इमरान लुहार, राजकुमार कटारिया, नागर पचलँगिया, प्रह्लाद चेजारा, सलीम रंगरेज, महेंद्र दादरवाल, सुशील टेलर, मनोज पोरवाल, रौनक व्यास, शीशराम, अमर सिंह धीरज, अनिल शर्मा, लोकेश जांगिड़, प्रदीप शर्मा, अनिल पारीक, रिछपाल हलवाई, जगदीश पूनिया मोहब्बतसरी, अमित जांगिड़ घोडीवारा, सुखराम कसेरू, रामनिवास जंटवाली, संजू तोगडा, मुकेश बुरी मंडासी, ताराचंद सैनी, डी के सुरोलिया, सुनील सैनी, मनोज सुरोलिया, मनोज फोटोग्राफर, पंडित रामगोपाल डोलिया, महरंचनद बिरख, रामकुमार सिंह डोटासरा, शरद तिवाड़ी, सुरेश शर्मा, मुकेश बारी, दिनेश जांगिड़, रामस्वरूप जांगिड़, गोविंद जांगिड़ सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य जन मौजूद रहे।

## काट श्री राजपूत करणी सेना के तहसील अध्यक्ष मनोनीत



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र में श्री राजपूत करणी सेना की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जसरापुर निवासी संदीप काट तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र फौजी ने बताया की श्री राजपूत करणी सेना देश का सबसे बड़ा संगठन है, जिसमें समाज हित के कार्य किए जाते हैं। श्री राजपूत करणी सेना नए आयाम को स्थापित करेगी तो जल्द ही आप संगठन को तहसील लेवल पर आगे बढ़कर संगठन को मजबूती देंगे। संदीप कांट दासरापुर को श्री राजपूत करणी सेना खेतड़ी तहसील अध्यक्ष बनाया गया जिला अध्यक्ष सुरेंद्र फौजी ने अभयगढ़ खेतड़ी में साफा पहनाकर नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी दी। श्री राजपूत करणी सेना की पूरी टीम का जल्द ही गठन करेंगे इस मौके पर अभिषेक सिंह, अनिल कुमार, टींकू सिंह, रवि निर्वाण, कंवरपाल सिंह, मनरूप सिंह, राकेश सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# राजस्थानी लोकगीतों से भरी सांझ के साथ चूरू महोत्सव का समापन

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** महंदी रची म्हारा हाथां में, घुळ रहयो काजळ आंख्यां में, चुनड़ी को रंग सुरंग म्हारा सायब जी. . . के संगीत के साथ चूरू की धरती फिर एक बार लोक संस्कृति की सुगंध से महक उठी। शनिवार शाम को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में पंच गौरव योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय पर बागला स्कूल खेल मैदान में चल रहे चूरू महोत्सव-2026 का राजस्थानी लोकगीतों से भरी सांझ के साथ समापन हुआ। शनिवार सायं आयोजित कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम सहित अधिकारी जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

मरु कोकिला सीमा मिश्रा ने केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देस की गूंज के साथ सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया और मेहंदी, पूरब की नौकरी, पीपली, पिउ पिउ बोले मोरियो. . . जैसे राजस्थानी गीतों में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को सजीव कर दिया। जैसे ही मंच पर मरु कोकिला सीमा मिश्रा ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरना शुरू किया, पूरा पंडाल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। चूरू महोत्सव की इस सांस्कृतिक शाम में सीमा मिश्रा, अभिषेक मिश्रा व दीपक की सुरमयी प्रस्तुतियों ने राजस्थान की लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। लोकप्रिय लोकगीतों की प्रस्तुति पर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी लोकधुनों पर झूमते नजर आए और वातावरण में अलग ही उत्सव माहौल देखने को मिला। इस दौरान पूर्व जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, पूर्व सभापति विजय शर्मा, पूर्व प्रधान संजय कस्वां, फतेहचंद सोती, विमला गढ़वाल, एसडीएम सुनील कुमार, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, सीपी शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन चंद्रशेखर पारीक ने किया।

## युवक ने पहाड़ी पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना क्षेत्र में नींदड़ की पहाड़ी पर रविवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से मौके से साक्ष्य जुटा कर शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। थानाधिकारी उदय यादव ने बताया कि हरमाड़ा के लोहामंडी निवासी विजेंद्र सैनी ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। वह एक फैक्ट्री में काम करता था। शनिवार सुबह वह बिना किसी को बताए घर से निकल गया था और वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार सुबह नींदड़ की पहाड़ी पर सुनसान स्थान पर उसका शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## नवनियुक्त एसपी ने किया खेतड़ी सर्किल के थानों का निरीक्षण

निसं



खेतड़ी (नवयत्न)। झुंझुनू के नवनियुक्त एसपी ने रविवार को खेतड़ी सर्किल के थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने थाना क्षेत्र की जानकारी लेकर अपराधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि खेतड़ी उपखंड का अधिकांश एरिया हरियाणा सीमा से सटा हुआ है। यहां अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने कर बदमाश हरियाणा में भाग जाते है। ऐसे में सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी पुलिसिंग कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि वर्तमान में साइबर क्राइम अधिक बढ़ रहा है। अनजान काल को लेकर जागरूक रहें तथा अपने बैंक संबंधित जानकारी किसी से साझा नहीं करें। इसके अलावा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सुचित कर पुलिस का सहयोग करें। एसपी ने कस्बे में जाम की समस्या को लेकर जल्द प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान कस्बे व थाने का निरीक्षण कर पेंडिंग मामलों का निस्तारण करने, रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी सागर ने डीएसपी कार्यालय, पुलिस थाना खेतड़ीनगर, बबाई का भी निरीक्षण कर पेंडिंग मामलों का निस्तारण करने, माल खाने का निरीक्षण कर परिवाद लेकर आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के निर्देश दिए। वहीं हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी गश्त कर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएसपी जुल्फीकार अली, थानाधिकारी राकेश कुमार, एएसआई कैलाश चंद, विजय कुमार, अशोक कुमार, महेंद्र, रोहिताश, दिनेश कुमार, मनीष कुमार, महेश सैनी, नेमीचंद सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## शिविर में 85 रोगियों की जांच कर 48 मरीजों का करवाया जाएगा ऑपरेशन

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे स्वामी रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द स्मृति मंदिर रविवार को निःशुल्क आँखों का शिविर लगाया गया। मिशन के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। शिविर में जयपुर के सहाय नैत्र रिसर्च सैन्टर के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा 85 रोगियो की जांच की जाकर 48 रोगियो को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए जयपुर रवाना किया गया। मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि रामकृष्ण मिशन द्वारा सामाजिक सरोकार की पहल करते हुए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाता है, जो गरीब व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सामाजिक सरोकार में रामकृष्ण मिशन अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। जिसमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को मानते हुए महिलाओं को निःशुल्क सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, वही बच्चों को कंप्यूटर के क्षेत्र में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा रामकृष्ण मिशन द्वारा गरीबों में समय-समय पर वस्त्र व अन्य घरेलू सामग्री वितरित कर स्वामी विवेकानंद के कार्यों को चरितार्थ कर रहा है। रामकृष्ण मिशन में आने वाले हर व्यक्ति की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि रामकृष्ण मिशन के सदस्य स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलकर गरीब व असहाय लोगों की मदद करने में अग्रिम पंक्ति में खड़े हुए है।

रामकृष्ण मिशन की ओर से कार्यक्रम के दौरान 85 लोगों को कंबल वितरण भी किया गया। इस मौके पर स्वामी योगयुक्तानंद महाराज, कालीचरण गुप्ता, कृष्ण कुमार, सुरेश सैनी, गोपी राम, महेश कुमार, प्रवीण कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# शक्ति वंदन महोत्सव के विजेता सम्मानित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारी सम्मान-स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को समर्पित शक्ति वंदन महोत्सव में आयोजित विशेष रील प्रतियोगिता के विजेताओं को निवर्तमान महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने झालाना स्थित आर आई सी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में रविवार को सम्मानित किया गया। महोत्सव में 400 महिलाओं को नि:शुल्क स्टॉल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार का अवसर दिया गया, वहीं सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के साथ स्वास्थ्य जागरूकता के कई महत्वपूर्ण सत्र भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के हर पल को सहेजने के लिए आयोजित रील प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने महोत्सव की गतिविधियों, भावनाओं और अनुभवों को बेहद रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। इन रील्स के माध्यम से नारी शक्ति का उत्साह, भारतीय संस्कृति की झलक और सामाजिक संदेश प्रभावशाली रूप से सामने आए। प्रतियोगिता में रजत जैन ने प्रथम, प्रीति अधिकारी ने द्वितीय तथा रिकी शेखावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई। निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सभी कंटेंट क्रिएटर्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने वाली ऐसी पहल अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से महोत्सव की भावना को जन-जन तक पहुँचाया और भारत की प्राचीन संस्कृति, परंपरा एवं सभ्यता से नई पीढ़ी को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि रील्स में माँ पन्नाधाय के त्याग, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की प्रेरक गाथा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास को करीब से जानने का अवसर मिला। इसके अलावा 500 महिलाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में तलवारबाजी सीखने, स्टॉल पर महिलाओं उद्यमियों की रचनाओं, प्रमुख विषयों पर हुए सत्रों के कंटेंट और सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण में एक हजार बच्चियों के टीकाकरण के क्रिएटिव को बेहतरीन ढंग से कवर किया और आमजन तक पहुंचाया। डॉ. गुर्जर ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भारतीय संस्कृति को डिजिटल माध्यम से आगे बढ़ाने वाले युवाओं की सराहना करते रहे हैं, जो ऐसे प्रयासों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शक्ति वंदन महोत्सव में यह प्रतियोगिता केवल पुरस्कार तक सीमित नहीं रही, बल्कि नारी सम्मान, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वावलंबन और राष्ट्रभावना के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनी।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक शिविर में 102 रोगी लाभान्वित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा रविवार को नि:शुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक कैंप का 476 वां शिविर चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया। जिसमे श्रीमाथोपुर के अलावा पटवारी का बास, ढालियावास, लिसाडिया, नांगल, नाथुसर, कंचनपुर, होलियावास, अजीतगढ़, कांवट, खंडेला, होद, खेडी. जाजोद, जयरामपुरा, सहित कई अन्य गाँवों के 102 मरीजों ने लाभ उठाया। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि इससे पहले आयोजित शिविरों में 51 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया है। स्त्री का नि:शुल्क होम्योपैथिक शिविर माह के हर दुसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है, इनमे डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा सभी तरह की पथरी, प्रोस्टेट, चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, टोंसिल्स, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इनफेंक्शन, जोडो का दर्द एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजो को नि:शुल्क परामर्श दिया तथा क्लब कि ओर से 14 दिनों की दवाइयां नि:शुल्क दी गई। इस होमियोपैथिक शिविर में डॉ. एस. एल. चौधरी के साथ क्लब पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, विजय कुमार कसेरा, एवं क्लब के और सदस्यों ने अपनी सेवाए दी।

# सोलफुल कव्वाली फेस्टिवल में होगा गंगा-जमुनी तहजीब का संगम

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारत की गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को समर्पित सोलफुल कव्वाली फेस्टिवल का आयोजन 24 और 25 मार्च को जयपुर के जवाहर कला केंद्र में किया जाएगा। यह आयोजन स्वागत जयपुर फाउंडेशन और नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर, पटियाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। स्वागत जयपुर फाउंडेशन के अध्यक्ष इकबाल खान नियाजी ने बताया कि यह दो दिवसीय फेस्टिवल राजस्थान के प्रसिद्ध कव्वाल मुहम्मद सिद्दीक की याद में ईद के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। फेस्टिवल में अजमेर दरगाह के शाही कव्वाल मोहम्मद मुबीन, कोटा के मशहूर क़व्वाल हिफ्ज़ुर्रहमान हाकिमी और जयपुर के उस्ताद अनवार हुसैन नियाजी अपनी गायकी के जरिए सूफियाना कलाम पेश करेंगे, जो प्रेम, शांति और इंसानियत का संदेश देंगे। कार्यक्रम का आयोजन दोनों दिन शाम 6 बजे से किया जाएगा। इस सांस्कृतिक उत्सव में आमजन के लिए प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लेकर सूफी संगीत की इस विरासत का आनंद ले सकें। यह फेस्टिवल न केवल संगीत प्रेमियों के लिए एक खास अवसर है, बल्कि समाज में आपसी सौहार्द, एकता और भाईचारे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है।

# रामनवमी पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**लोसल ( नवयत्न )।** परमहंस बाबा परमानंद की जन्मस्थली पर श्री रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस उत्सव पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्रतिमा को रथ पर सवार होकर शोभायात्रा निकालेंगे।

26 मार्च को रामनवमी का उत्सव है इस उत्सव को लेकर रामनवमी आयोजन महोत्सव समिति के तत्वावधान में आमजन की रघुनाथ जी का मंदिर में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि प्रतिवर्ष लोसल में रामनवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार 26 को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां को लेकर यह बैठक आयोजित की गई । आयोजन समिति ने बताया कि रामनवमी के दिन सुबह भगवान रघुनाथ जी का मंदिर में हवन होगा तो दोपहर सवा बारह बजे भगवान की महाआरती होगी ।

# बाल निकेतन ने उपाध्याय की स्मृतियों को विविध रूपों में संजोया

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ की श्री गांधी बाल निकेतन ने शिक्षाविद चम्पालाल उपाध्याय की स्मृतियों को विविध रूपों में संजो रखा है। वे निकेतन के हर हिस्से में भिन्न स्वरूपों में मिलते हैं। रतनगढ़ जैसे कस्बे में ऐसे विद्यालय की कल्पना मैंने नहीं की थी। यहां के स्मार्ट क्लासरूम, म्युजिक, कम्प्यूटर और एक्टिविटी लैब के साथ इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स देखकर यहां की क्वालिटी एज्यूकेशन का अनुमान लगा सकता हूं। कल ही मैं अहमदाबाद में 100 वर्षों पूर्व कस्तूरबा द्वारा महात्मा गांधी को लिखे गये पत्रों को देख रहा था । जिसमें शिक्षा से विकास की बात ही लिखी गई है, जिसे निकेतन जैसे संस्थान साकार कर रहे हैं। यह विचार वरिष्ठ साहित्यिक आलोचक पद्मश्री गणेश नारायणदास देवी ने शनिवार सायं पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में आयोजित उपाध्याय सम्मान समारोह 2026 में व्यक्त किये। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ हुए समारोह में जिया उपाध्याय ने अतिथियों का तिलकार्चन किया। चम्पालाल उपाध्याय के छोटे भाई महावीर उपाध्याय ने सूत की माला पहनाकर अभिनंदन किया। सम्मान के क्रम में साहित्यिक आलोचक गणेश नारायणदास देवी व वरिष्ठ पत्रकार श्रीनिवासन जैन को गांधी साहित्य, शॉल, श्रीफल, उपाध्याय सम्मान का स्मृति चिन्ह तथा 1 लाख रूपये की राशि सचिव राजीव उपाध्याय द्वारा प्रदान की गई। मीनाक्षी उपाध्याय ने नारायणदास देवी की धर्मपत्नी सुरेखा देवी का चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया। निकेतन सचिव राजीव उपाध्याय ने अपने स्वागत भाषण में उपाध्याय द्वारा किये गये कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया और आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर चुकी विभूतियों ने उपाध्याय सम्मान ग्रहण करने हेतु पधारकर इसकी गरिमा में अभिवृद्धि की है। श्रीनिवासन जैन ने मीडिया के हालातों का विवेचन करते हुए उस पर थोपे जा रहे राजनीतिक, आर्थिक और मानसिक दबावों के प्रति चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर के पूर्व कुलपति सनी सेबेस्टियन ने पत्रकारों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए समाचार पत्रों को अपनाने पर बल दिया। समारोह में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, एडवोकेट अशोक उपाध्याय, एडवोकेट बजरंग गुर्जर, डॉ. प्रकाश छबलानी, गिरधारी बाजौरिया, रघुनंदन धर्ड, एडवोकेट विनोद नौहाल, सीबीईओ संदीप व्यास, राजेन्द्र सिंह बिदावत, कल्याण सिंह, रामकृष्ण व्यास, निलेश इंदौरिया, ऋषि शर्मा, अनूप जोशी, कन्हैयालाल चौमाल, ओमप्रकाश मंगलहारा, हरिप्रकाश हर्षवाल, इंद्राज खीचड़, देवेन्द्र यादव, सीताराम शर्मा, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, रामनारायण व्यास, भानूप्रकाश इंदौरिया, रणजीत चौधरी, रामचन्द्र शर्मा, राधेश्याम पारीक सहित नगर के सैंकड़ों गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। संचालन कुलदीप कुमार व्यास ने किया।

# सांवरिया सरकार का तृतीय वार्षिक महोत्सव आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के स्थानीय मठाधीश शिवालय में सांवरिया सरकार का तृतीय वार्षिक महोत्सव, अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार मुरारका, संजय प्रीति मुरारका सपत्नीक द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित के साथ हुए कार्यक्रम में स्थानीय गायक एस.पी.वर्मा, राजकुमार मंगलहारा, सरोज सोनी, किरण शर्मा, बालकिशन धर्ड, संजय मुरारका, सुशीला बंसीवाल, अंकिता बंशीवाल, सूरज पारीक, शैलेंद्र त्रिवेदी, बलबीर स्वामी, मोहन शर्मा आदि ने बाबा श्याम के भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। पूरे मन्दिर परिसर को एवं बाबा श्याम को फूलों से सजाया गया, देर रात तक चली भजन संध्या में श्याम प्रिमियों ने भजनों व धमाल पर नाचकर आनंद लिया, इस शानदार आयोजन में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इन्दोरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्टू कल्पनाकान्त एविकास रिणवा, राजेन्द्रसिंह बीदावत, महेश प्रजापत, कल्याणसिंह चारण, राहुल व्यास, प्राचीन श्याम मंदिर पुजारी प्रदीप धरद, श्री ताल वाले बालाजी व श्याम पुजारी राकेश इन्दोरिया व निखिल इन्दोरिया, श्री गणेश मंदिर पुजारी परिवार से कृष्णकांत काछवाल, सीताराम मुरारका, कुलदीप व्यास आदि उपस्थित थे। कीर्तन के मुख्य यजमान सुरेश कुमार मुरारका द्वारा सभी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं मठादिश शिवालय सिमिति एवं पुजारी परिवार द्वारा सभी भक्तो का आभार व्यक्त किया गया।

# बाल संस्कार केन्द्र पर वार्षिक उत्सव मनाया

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सेवा भारती समिति की ओर से संचालित नांगलभीम के बाल संस्कार केन्द्र पर वार्षिक उत्सव मनाया गया। पन्नाधाय बाल संस्कार पर सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ महेश सोनी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में बाल संस्कार केन्दो के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य, गीत व लघु नाटक प्रस्तुति दी जिसमें विभिन्न भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। केंद्र संचालिका जयश्री ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष डॉ सोनी ने बच्चों को संस्कारवान बनाने व शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह वार्षिकोत्सव न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मंच है बल्कि समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम बने हैं। शारीरिक शिक्षक सतवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में माता जीजाबाई किशोरी विकास केन्द्र की बालिकाएं, अभिभावक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भैरूजी महाराज के उमड़ा आस्था का जन सैलाब

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** लोकदेवता भैरूजी महाराज के नवरात्रा के रविवार को जन सैलाब उमड़ पड़ा। भैरूजी महाराज के धोक लगाने के लिए बच्चों से लेकर वृद्धजन तक उमड़ पड़े। जातरूओं ने अपने आराध्य के दर्शनों के लिए जोरदार होड़ रही। इस दौरान भक्तों ने घंटों लाइनों में खड़े होकर अपने इष्ट देवता के दर्शन कर प्रसादी का भोग लगाया। भक्तों ने पवित्र जोहड़ी में स्नान कर पुण्य कमाया। भैरूजी के धोक लगाने के लिए शनिवार शाम से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। रविवार सुबह मंगला आरती करने के लिए भक्तों की होड़ लगी रही। जयपुर, अलवर, हरियाणा, पंजाब दिल्ली सहित अनेक स्थानों से लाखों भक्त उमड़ पड़े। इस दौरान भैरुजी धाम में पांव रखने की भी जगह नहीं रही। सभी तिबारिया धर्मशाला व खाली जगहों पर भैरूजी के भक्त ही नजर आये। भैरुजी के दर्शन कर भक्तों ने प्रसादी का भोग लगाया। इस दौरान भक्तों ने गठजोड़े की जात दी तथा बच्चों के जडूले उतारे। भक्तों के लिए काली माता के दर्शनों की भी व्यापक व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने घंटों लाईनों में खड़े होकर अपने आराध्य के दर्शन किये। भैरूजी मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुवा लाल गुर्जर, मामराज गुर्जर, हरिगम गुर्जर व श्रवण गुर्जर ने बताया कि नवरात्रा पर भैरूजी महाराज के दर्शनों का विशेष महत्व होता है। भक्तों को बाबा के दर्शन सुलभ व आराम से हो इसके लिए व्यापक व्यवस्था की गई। हवा, पानी, बिजली छाया व बारिश से बचने का इन्तजाम किया गया।



# जैन ओलंपिक्स के एथलेटिक्स खेलों का आगाज

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पिछले दो दिनों से सफलतापूर्वक चल रहे जैन ओलंपिक्स के तीसरे दिन की शुरुआत हमारे मुख्य टाइटल स्पॉन्सर हीरादेवी किशनलाल लुनिया चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन श्रीमान दीपचंद जी लुनिया के कर-कमलों द्वारा हुई। जे ए वाई के सदस्यों ने ओलंपिक मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर उठा। दीपचंद लुनिया ने सभी प्रतिभागियों को ओलंपिक शपथ दिलाते हुए एकता और साथ रहने का संकल्प दिलाया। साथ ही उन्होंने जैन ओलंपिक्स की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बचपन की सुंदर यादों को ताजा कर देते हैं तथा आगे भी इसे नियमित रूप से आयोजित करने का संदेश दिया, जिससे बच्चों में खेल भावना निरंतर बनी रहे। रविवार को 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें समाज के सभी आयु वर्ग के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, 3 वर्ष के बच्चों से लेकर 50 वर्ष तक के पुरुष महिलाओं की अलग अलग वर्गों में रोचक प्रतियोगिता हुई।



# झमाझम बारिश से दुकानों के सामने भरा पानी, व्यापारी परेशान

**रींगस ( नवयत्न )।** बारिश के चलते मौसम में सर्दी का अहसास रहा। लोगों को फिर से रजाई, कम्बल निकाल कर ओढ़ना पड़ा। वही झमाझम बारिश होने से भैरूजी मोड पर श्रीमाधोपुर रोड पर दुकानों के सामने दो दो फीट पानी भर गया। पानी भरने से व्यापारियों का व्यापार एकदम चौपट हो गया। पानी निकासी नहीं होने पर रविवार को अनेक व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। शिवपाल सिंह, दौलत सैनी ने बताया कि बारिश के चलते दुकानों के सामने एक से दो फीट पानी भर गया।

पानी भरने से ग्राहकों के आने जाने में भारी परेशानी हुई। इसके चलते दिन भर व्यापार चौपट हो गया। कुछ दुकानदारों के पानी के चलते बोहनी तक नहीं हुई। इस संबंध में व्यापारियों ने कई बार नगर पालिका व प्रशासन को बार-बार अवगत भी करवाया लेकिन इसके बावजूद बरसाती पानी की निकासी का कोई समाधान नहीं हो सका। मजबूरन व्यापारियों को विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। इस दौरान राजेन्द्र बराला, संजीव दामोदर यादव, मनोज कुमार, कन्हैया लाल, बजरंगल लाल, आनन्दी लाल, मोनू शर्मा, राजेश कुमावत सहित अनेक व्यापारी मौजूद थे। वही बारिश के चलते तीसरे दिन भी किसानों को खेतों में खड़ी फसलों का नुकसान हुआ। इसके चलते अनेक किसानों की रूलाई फुट पड़ी।

# यूजीसी बिल के विरोध में करणी सेना ने किया विरोध-प्रदर्शन

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** यूजीसी बिल के विरोध में राजपूत करणी सेना ने रविवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के खातीपुरा स्थित आवास के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने खातीपुरा से सांसद आवास तक रैली निकालकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद की यूजीसी बिल पर चुप्पी के विरोध में काले कपड़े लहराए। साथ ही बिल को वापस लेने की मांग को लेकर आवास के बाहर और सांसद के नाम के होर्डिंग्स पर पोस्टर चिपकाए गए। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने श्राव साहब मुर्दाबाद और श्राव साहब नींद से जागो, विरोध करो जैसे नारे लगाए। इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह आवास पर मौजूद नहीं थे, बावजूद इसके प्रदर्शन जारी रहा। करणी सेना के प्रधान संरक्षक शेर सिंह कालवी ने कहा कि वे सांसद से बच्चों के हित में आवाज उठाने की मांग करने आए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सांसद जल्द ही इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं करते हैं, तो विरोध लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष नारायण सिंह दिवराला, महेंद्र सिंह प्रयागपुरा, हेम सिंह बाड़मेर, पार्षद अरविंद कुलवाल, राजेंद्र सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यालय बना जनरल चैम्पियन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान आवासन मण्डल की 30वीं चार दिवसीय कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह नीरजा मोदी स्कूल, मानसरोवर में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में टेबल टेनिस, क्रि केट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, कैरम सहित विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले खेले गए, वहीं लंबी कूद व ऊंची कूद में मुख्यालय विजेता रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सचिव गोपाल सिंह एवं अध्यक्षता मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल ने की।

विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यालय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जनरल चैम्पियन का खिताब जीता, जबकि वॉलीबॉल में जोन तृतीय और क्रिकेट में जोन द्वितीय प्रथम रहे। आयोजकों ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं कर्मचारियों में आपसी समन्वय, स्वास्थ्य जागरूकता और कार्य क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में महिलाए वरिष्ठ एवं दिव्यांग कर्मचारियों की भी विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

## सम्पादकीय

# कमजोर सिद्ध होते ट्रंप, जवाबी कार्रवाई करने में अब भी सक्षम ईरान



अमेरिका की ओर से इजरायल के खिलाफ छेड़ा गया युद्ध जिस तरह चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया, उससे यही लगता है कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान की सैन्य क्षमता का आकलन सही तरह नहीं किया। इसका प्रमाण केवल यह नहीं है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है, बल्कि यह भी है कि वह इजरायल और अमेरिका के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है, जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी।

लगता है अमेरिका और इजरायल यह मानकर चल रहे थे कि जैसे पिछले वर्ष जून में उनके हमलों के सामने ईरान दो सप्ताह के अंदर ही एक तरह से पस्त पड़ गया था, वैसे ही इस बार भी पड़ जाएगा। यह साफ है कि ईरान ने इस आकलन को विफल कर दिया। इसका कारण यही हो सकता है कि उसने पिछले वर्ष अमेरिका एवं इजरायल के हमलों का सामना करने के बाद अपनी सैन्य तैयारियों पर खासा जोर दिया और कहीं अधिक व्यापक मारक क्षमता विकसित की।

यह भी स्पष्ट ही है कि अमेरिका और इजरायल यह नहीं भांप सके कि ईरान लड़ाई को विस्तार देने के लिए खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों के साथ वहां के ऊर्जा स्रोतों को भी निशाना बनाकर तेल एवं गैस संकट पैदा कर सकता है।

ईरान जिस तरह युद्ध को लंबा खींचने और उसे विस्तार देने में सक्षम है, उससे यही पता चलता है कि अमेरिका और इजरायल उसे लेकर मुगालते में रहे। ऐसा तभी होता है जब कोई अपनी रणनीति और सैन्य क्षमता को लेकर अति आत्मविश्वास अथवा अहंकार से ग्रस्त हो। इसमें संदेह नहीं कि ट्रंप अहंकार से भरे शासनाध्यक्ष हैं। शायद वेनेजुएला में आनन-फानन तख्तापलट करने में सक्षम रहने के बाद उनका अहंकार और बढ़ गया और इसीलिए उन्होंने इजरायल संग ईरान पर हमला बोल दिया। अब वे इसकी कीमत चुकाते दिख रहे हैं।

वे भले ही खुद को सबसे शक्तिशाली शासनाध्यक्ष दर्शा रहे हों, लेकिन ईरान पर हमले के बाद ऊर्जा संकट गहराने के पश्चात उन्हें जिस तरह रूस से तेल खरीदने की अनुमति देनी पड़ी, वह उनकी कमजोरी का ही परिचायक रहा। नाटो देशों का उनकी मदद के लिए आगे न आना और अब उनकी ओर से यह कहना भी उनकी कमजोरी को ही बयान करता है कि अमेरिका इस युद्ध में अपने तय किए गए लक्ष्यों के काफी करीब पहुंच चुका है और वे ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों को कम करने पर विचार कर रहे हैं। पता नहीं वे सच में ऐसा सोच रहे हैं या नहीं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ईरान में सत्ता परिवर्तन के कोई आसार नहीं।

## विशेष आलेख

# तेल-गैस में निजी कंपनियों की एंट्री अब जरूरी, युद्ध से मिला भारत को सबक



**अब क्या होगा? जिस युद्ध के काले बादल ईरान और खाड़ी के देशों पर छाए हुए हैं, वे धीरे-धीरे हमारी तरफ आ रहे हैं और हम उनको देख कर सिर्फ चिंता कर सकते हैं। और कुछ नहीं। न हमारा इस युद्ध में कोई हाथ था, न हार और जीत से हमारा कोई वास्ता है, लेकिन जैसे-जैसे काले बादल हमारी तरफ आ रहे हैं, हमारी चिंताएं बढ़ रही हैं। इनमें सबसे बड़ी है कच्चे तेल के बढ़ते दाम की चिंता। तीन सप्ताह ही हुए हैं अभी युद्ध के और तेल की कीमत दुगनी हो चुकी है। भारत जैसे देश के लिए मुसीबतों का पहाड़ टूट सकता है, अगर युद्ध लंबा चलता है। सबसे बड़ी मुसीबत यही है कि हम कुछ नहीं कर सकते हैं इस युद्ध को रोकने के लिए।**

सच यह है कि जब अयातुल्ला खामेनेई की हत्या की खबर मिली मुझे, बुरा नहीं लगा। मेरी नजर में मातम नहीं मनाया जाना चाहिए। भारत के शिया मुसलमानों ने खूब मातम किया अयातुल्ला के मारे जाने के बाद, बिना यह सोचे कि जिस नेता ने हजारों की तादाद में अपने ही लोग मारे हों, उसके लिए आंसू बहाना गलत ही है। जिस व्यक्ति ने अपने ही देश को एक खुली जेल बना दिया हो, उसको संत किसी हाल में नहीं कहा जा सकता है। जब इस्लामी क्रांति शुरू हुई थी ईरान में कोई पचास साल पहले, उस देश की प्राचीन सभ्यता को नष्ट कर इस्लाम थोपा गया है लाखों लोगों पर इतनी कठोरता के साथ कि जिन बहादुर नागरिकों ने अत्याचार के खिलाफ बोलने की हिम्मत दिखाई, उनकी सजा मौत होती थी। पिछले सप्ताह तीन नौजवानों को फांसी दी गई युद्ध के बीच। स्पष्ट है कि न तो डोनाल्ड ट्रंप के पास कोई सोची-समझी रणनीति थी और न नेतन्याहू के पास। वे आसमान से मौत बरसाते गए, बिना यह सोचे कि ईरान के पास भी अपने बचाव के लिए ठोस साजो-सामान होंगे। इन दिनों ट्रंप रोज कहते हैं कि वे युद्ध जीत चुके हैं, लेकिन साथ में होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए सहायता भी मांगते फिर रहे हैं नाटो से। यहां तक कि चीन से भी। क्या उनको मालूम नहीं था कि इस छोटे से समुद्री मार्ग से आता है विश्व का बीस फीसद से ज्यादा कच्चा तेल?

क्या मालूम नहीं था इन महारथियों को कि होर्मुज जलमार्ग पर ईरान का पूरा नियंत्रण है और जब चाहे वह जहाजों का यहां से आना-जाना बंद कर सकता है? ऐसा अब हो रहा है। पूरी दुनिया देख रही है। ऐसा चलता रहा, तो सबसे ज्यादा नुकसान होगा भारत का। इस रास्ते से आता है हमारा तेल और गैस भी। गैस की दुकानों के सामने लंबी कतारें लगने लग गई हैं अभी से। महाराष्ट्र के जिस गांव में मैं यह लिख रही हूं, वहां गैस की इतनी कमी है कि सिलेंडर की बुकिंग महीना पहले करनी पड़ती है।

ऐसा कहने के बाद यह भी कहना जरूरी है कि इस युद्ध से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। गलत नीतियों के कारण हमारे राजनेताओं ने निजी कंपनियों को तेल और गैस की खोज से बाहर रखा है। यह काम सिर्फ सरकारी कंपनियां ही करती रहीं दशकों तक। अगर निजी कंपनियों को बहुत पहले इस क्षेत्र में आने की इजाजत मिली होती, तो आज हम ऊर्जा के लिए दूसरे देशों पर इतना निर्भर नहीं होते। सो पहला सबक यह लेना चाहिए हमारे शासकों को कि तेल और गैस के क्षेत्रों के लिए निजी कंपनियों का आना अब जरूरी हो गया है।

इसी तरह, राजनीतिक सबक भी लेना चाहिए। पिछले सप्ताह मैंने जब अमेरिका की राष्ट्रीय जांच एजेंसी की मुखिया तुलसी गबार्ड से पूछताछ देखी सीनेट की समिति द्वारा, तो हैरान रह गई। इस आला अधिकारी से बार-बार पूछा गया कि राष्ट्रीय जांच संस्था की मुखिया होने के नाते क्या उनको ईरान से कोई परमाणु खतरा दिखा था! अगर नहीं दिखा था, तो उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को बताया क्यों नहीं कि युद्ध की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अपनी सफाई में सिर्फ यह कहा कि खतरा कितना है, उसका फैसला सिर्फ राष्ट्रपति कर सकते हैं, लेकिन बार-बार उनको याद दिलाया समिति के सदस्यों ने कि यह काम उनका है, किसी और का नहीं। काश कि हमारे देश में भी आला अधिकारियों की इस तरह खिंचाई हो, जब वे अपनी जिम्मेदारियों से भागते हैं।

तो अब क्या कर सकता है भारत? विनम्रता से यहां कहना चाहूंगी कि इस समय हमारे आला राजनेताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वे युद्ध के दोनों पक्षों के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखें। रही बात हमारी अंदरूनी समस्याओं की, तो यही समय है अच्छी आर्थिक नीतियां बनाने का, ताकि वास्तव में 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' वाला नारा जमीन पर उतरता देख सकें हम। फिलहाल प्रधानमंत्री का यह नारा खोखला है इतना कि विदेशों से कोई छोटी-मोटी चीज निर्यात करने में इतनी तकलीफ होती है कि लोग कोशिश तक नहीं करते हैं।

मेरे कुछ दोस्त हैं जो भारत में बनाए फर्नीचर का निर्यात करते हैं और उनके सामने इतनी मुसीबतें खड़ी होती हैं कि उन्होंने तकरीबन निर्यात करना बंद कर दिया है। अगर प्रधानमंत्री चाहते हैं कि अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत हो कि इस युद्ध का बुरा असर न पड़े, तो उनको अपने अधिकारियों को नियंत्रण में रखना होगा सख्ती से। इस युद्ध ने यह भी मौका दिया है हमें कि देश के अंदर बुनियादी ढांचे में जो खामियां हैं, उसकी दृढ़ता से हम मरम्मत करें। युद्ध स्तर पर अगर हम ये काम करेंगे, तो संभव है कि इस जंग का बुरा असर हमारे देश के अंदर कम पड़ेगा।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की मनमानी, अहंकार के चलते विश्व को संकट की ओर धकेला

अमेरिका की ओर से इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमले के तीन सप्ताह बीत गए, लेकिन किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर अमेरिका का मंतव्य क्या है और यह युद्ध कैसे और कब रुकेगा? ईरान ने अमेरिका और इजरायल के हमले के प्रतिकार के लिए हरसंभव तरीके अपनाने की रणनीति अपना ली है। वह इजरायल को निशाना बनाने के साथ खाड़ी देशों में नागरिक ठिकानों और ऊर्जा स्रोतों पर भी इस बहाने हमले कर रहा है कि यहां अमेरिकी सैनिक अड्डे हैं। उसने खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर हमले करके युद्ध को एक नया विस्तार दे दिया है। उसने तेल और गैस की सप्लाई वाले समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित कर विश्व के समक्ष ऊर्जा संकट भी गहरा दिया है। अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ उनके कई सहयोगी और सैन्य अधिकारी मारे जा चुके हैं, पर इसके बाद भी वहां सत्ता परिवर्तन के कोई संकेत नहीं। प्रारंभ में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि ईरान पर हमलों का उद्देश्य वहां सत्ता परिवर्तन करना और उसकी परमाणु हथियार बनाने की क्षमता खत्म करना है। चूंकि युद्ध लंबा खिंच रहा है और तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित होने के साथ उनके मूल्य भी लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए भारत समेत कई देशों में महंगाई के साथ बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। महंगी ऊर्जा का असर यूरोप और अमेरिका में भी दिखने लगा है। ट्रंप की चुनौती इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि उनके इस अनुरोध को अमेरिका के मित्र राष्ट्र और यहां तक कि नाटो देश भी स्वीकार करने को तैयार नहीं कि वे होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए अपनी नौसेनाएं भेजें।

## स्वास्थ्य समाचार

# आपकी ओरल हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकती है कॉफी

कॉफी का सेवन करना हम सभी को अच्छा लगता है। खासतौर से, ठंड के मौसम में हम ना केवल सुबह-सुबह कॉफी का सेवन करते हैं, बल्कि दिनभर में कई सिप कॉफी लेना पसंद करते हैं। यह आपको एकदम से तरोताजा महसूस करवाता है। जब कभी हम ठंडक महसूस करते हैं या फिर काम करते हुए थक जाते हैं तो ऐसे में कॉफी पीने की इच्छा होती है। हो सकता है कि आप भी ऐसा ही करती होगी। यकीनन एक या दो कप कॉफी पीना सेहत के लिए काफी अच्छा होता है, लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा कॉफी पीती हैं तो इससे आपकी सेहत यहां तक कि आपकी ओरल हेल्थ पर काफी बुरा असर पड़ सकता है।



**दांतों में हो सकते हैं स्टेन :** अगर आपको अब अपने दाग बदरंग या दागदार नजर आने लगे हैं तो हो सकता है कि इसके पीछे आपकी कॉफी पीने की लत हो सकती है। जब आप दिन में कई कप कॉफी पीते हैं तो ऐसे में आपके दांतों पर इसका असर पड़ सकता है। भले ही आपको अपने दांतों का सरफेस स्मूद नजर आए, लेकिन आपके दांतों को कवर करने वाली इनेमल की परत में कई दरारें होती हैं। कॉफी जैसे पेय पदार्थों के कारण कई पिगमेंट इन दरारों में एम्बेड हो जाएंगे, जिससे आपके दांतों में स्टेन नजर आ सकता है।

**इनेमल को पहुंच सकता है नुकसान :** कॉफी न केवल आपके दांतों के इनेमल के रंग को प्रभावित करती है। बल्कि जब आप इस कैफीनयुक्त ड्रिंक को अत्यधिक मात्रा में पीते हैं तो इससे दांतों के इनेमल को नष्ट भी कर सकता है। दरअसल, कॉफी में पाए जाने वाले विभिन्न एसिड आपके दांतों के इनेमल को नष्ट कर सकते हैं, जिससे फूड पार्टिकल्स और बैक्टीरिया दांतों में रिस सकते हैं। जब बैक्टीरिया दांतों और मसूड़ों के टिश्यू में रिसते हैं तो इससे कैविटीज से लेकर मसूड़ों की बीमारी का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

**मुंह में सूखेपन की समस्या :** ओरल हाइजीन के लिए लार एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह आपके मुंह को नम रखता है और फूड पार्टिकल्स व बैक्टीरिया को दूर रखने में मदद करता है। लार में ऐसे कई मिनरल्स होते हैं जो दांतों के इनेमल को रिबिल्ड करने में भी मददगार साबित होते हैं। लेकिन जब आप कॉफी का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं तो इससे आपका मुंह सूख जाता है और लार का उत्पादन कम हो जाता है। जिससे आपकी ओरल हेल्थ पर भी विपरीत असर पड़ता है। जब आपके मुंह में सही तरह से लार नहीं बनती है, तो इससे मसूड़े के टिश्यू में जलन की समस्या भी हो सकती है। इतना ही नहीं, लार की कमी के कारण मसूड़ों, जीभ और मुंह के अंदर घाव विकसित हो सकते हैं।

### हो सकते हैं डेंटल डिसऑर्डर

आपको शायद जानकर हैरानी हो, लेकिन बहुत अधिक कैफीनयुक्त कॉफी पीने से आपका नर्वस सिस्टम उत्तेजित हो सकता है। इस तनाव के कारण लोगों को ब्रुक्सिज्म से लेकर अन्य कई डेंटल डिसऑर्डर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यह आपके दांतों की कई परेशानियों को जन्म दे सकता है।

# सौंफ और इलायची से आपको मिलते हैं कई फायदे

इलायची और सौंफ इन दोनों को ही आपने अपने मुंह की दुंगध को दूर करने के लिए लोगों को खाते देखा होगा। लेकिन आपको बता दें कि इन दोनों का आपकी सेहत पर गहरा असर पड़ता है। ये दोनों ही आपको उच्चतम स्वास्थ्य प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सौंफ के अंदर पोटैशियन, आयरन, कैल्शियम व अन्य कई तत्व पाए जाते हैं। वहीं इलायची कैल्शियम, मैग्निशियम, पोटैशियम की मात्रा पाई जाती है। इन दोनों को ही पानी के साथ उबालकर पिया जाए तो इससे सेहत को कई फायदे मिलते हैं।

### पेट संबंधी रोगों को दूर करने में सहायक

आपको बता दें कि सौंफ और इलायची को पानी में उबालकर पीने से आपको पेट संबंधी रोगों में फायदा मिलता है। जिन लोगों को कब्ज, गैस, भूख न लगना, जी मिचलाना व पेट में दर्द और पेट में ऐंठन की समस्या होती है उनके लिए सौंफ व इलायची का पानी खासकर लाभकारी होता है।

### वजन को तेजी से करें कंट्रोल

मोटापे की समस्या में आप सौंफ व इलायची की चाय पी सकते हैं। इस चाय से आप अपने वजन को कुछ ही दिनों में कंट्रोल कर लेंगे। दरअसल सौंफ में फाइबर व इलायची में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर से फैट कम करता है। सुबह उठकर आप इन दोनों को मिलाकर चाय पी सकते हैं।

### पीरियड्स के दौरान आराम मिलता है

सौंफ व इलायची में विटामिन, आयरन और पोटैशियम पाए जाते हैं। महिलाओं में



पीरियड्स के अनियमित होने की समस्या को ये ठीक करता हैं। इसके साथ ही पीरियड्स के समय होने वाले दर्द को भी कम करने में मददगार होता है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

सौंफ और इलायची के पानी में ऐसे कई तत्व होते हैं जो आपकी आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं। सौंफ व इलायची की चाय पीने से आपको आंखों में जलन नहीं महसूस होती है। साथ ही ये आंखों की रोशनी को भी बेहतर करता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है बेहतर

नियमित रूप से सौंफ व इलायची का पानी पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी की इम्यून सिस्टम बेहतर होता है। इसकी वजह से आप सर्दियों में गले दर्द, सर्दी जुकाम, बुखार, खांसी आदि बीमारियों की चपेट में नहीं आते हैं। इससे आपको इंफेक्शन होने का खतरा भी कम होता है।

### कैसे पीएं सौंफ व इलायची का पानी

सौंफ व इलायची के पानी को आप दो तरह से पी सकते हैं। एक तो आप सौंफ व इलायची को पानी में डालकर रात भर रख दें। इसके बाद आप इस पानी का सेवन कर सकते हैं। दूसरा आप इन दोनों को पानी में डालकर उबाल लें और इसे चाय की तरह पिएं। आप सुबह की चाय के स्थान पर भी इसे पी सकते हैं। इससे आपको कई तरह के फायदे मिलते हैं।

# गुड़ का पानी पीने से मिलेंगे यह फायदे



गुड़ का पानी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसको पीने से शरीर हेल्दी रहता है। इसे पीने से शरीर गर्म रहता है और मौसमी बीमारियां भी नहीं लगती हैं। गुड़ के पानी में आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। गुड़ का पानी पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पाचन तंत्र भी हेल्दी रहता हैं। इसको नियमित पीने से शरीर की कमजोरी भी दूर होती हैं। गुड़ का पानी पीने से अपच, गैस और एसिडिटी की परेशानी भी दूर होती हैं। गुड़ का पानी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इस पानी पीने से वजन भी तेजी से कम होता है।

**पाचन तंत्र को करें मजबूत :** गुड़ का पानी पीने से पाचन तंत्र हेल्दी रहता हैं। गुड़ का पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और पाचन शक्ति भी मजबूत होती हैं। गुड़ का पानी पीने से पेट में गैस नहीं बनती है और पेट भी ठीक से साफ होता है। गुड़ का पानी पीने से भूख भी बढ़ती है और डाइजेशन भी मजबूत होता है।

**वजन कम करने में फायदेमंद :** गुड़ का पानी पीने से वजन कम करने में मदद मिलती हैं। इसको पीने से शरीर का एक्सट्रा फैट बर्न होता है। जिससे वजन तेजी से कम होता है। गुड़ का पानी शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता है। इसे रोज आसानी से पीया जा सकता है।

**इम्यूनिटी को करें मजबूत :** गुड़ का पानी पीने से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती हैं। गुड़ में भरपूर मात्रा में विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। इसको पीने से शरीर में इंफेक्शन भी नहीं होता हैं। गुड़ का पानी पीने से शरीर लंबे समय तक स्वस्थ रहता है। गुड़ का पानी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं।

**खून की कमी को करें दूर :** गुड़ का पानी शरीर से खून की कमी को दूर करने में मदद करता है। इसको नियमित पीने से शरीर की कमजोरी दूर होती है। यह शरीर का हीमोग्लोबीन बढ़ाने में मदद करता है। इसको नियमित पीने से शरीर में खून की कमी नहीं होती है।

## आज का राशिफल

### मेष
रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### वृष
शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

### मिथुन
प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे। शत्रु भय रहेगा।

### कर्क
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें। घर-बाहर अशांति रह सकती है।

### सिंह
बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

### कन्या
स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी।

### तुला
कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### वृश्चिक
भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा। मशक्कत करने से लाभ होगा।

### धनु
लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। माता को कष्ट रहेगा। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी।

### मकर
पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। लेनदारी वसूल होगी।

### कुंभ
लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

### मीन
यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

## हनुमान जन्मोत्सव एवं नानी बाई रो मायरो 28 से

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री खेड़ापति बालाजी धाम दांता में 28 मार्च से 2 अप्रैल तक भव्य हनुमान जन्मोत्सव एवं नानी बाई रो मायरो का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल हैं। मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्रदास महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी कुशाल गिरी महाराज, रामरिछपालदास महाराज, महंत मनोहरशरण शास्त्री महाराज एवं महंत सीतारामदास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम की शुरुआत 28 मार्च को प्रातः 9:15 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी, जिसमें 2100 महिलाएं हाथी, घोड़े और बैण्ड-बाजों के साथ मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगी। आयोजन के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से 4:15 बजे तक कथा का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. चन्द्रप्रकाश शास्त्री खाचरियावास कथा वाचन करेंगे। विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला में 1 अप्रैल को प्रातः 8:15 बजे बालाजी का अभिषेक, 10:15 बजे पूजन एवं हवन तथा रात्रि 8:15 बजे से विशाल भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें गायक मुकेश राजपुरोहित अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 2 अप्रैल को प्रातः 8:15 बजे निशान यात्रा निकाली जाएगी, इसके बाद प्रातः 11:15 बजे बालाजी का जन्मोत्सव, दोपहर 12:15 बजे विशाल भण्डारा, शाम 4:15 बजे जुलूस, 7:15 बजे महाआरती तथा रात्रि 8:15 बजे संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। आयोजक श्री खेड़ापति बालाजी उत्सव समिति एवं समस्त भक्तगणों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यह आयोजन क्षेत्र में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष चरण आज से

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार तथा कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के निर्देशानुसार वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार, 23 मार्च से 30 मार्च, 2026 तक विशेष चरण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानियों के साथ वीर शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव तथा वंदे मातरम् के इतिहास से जुड़े हुए वीरोंध्योद्धाओं को केन्द्रित कर विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों को सम्मिलित किया जाएगा। आमजन को सिंग अलॉन्ग और सेल्फी फीचर का इस्तेमाल करने की सुविधा दी गई है। आमजन की भागीदारी और पहुंच बढ़ाने के लिए वंदे मातरम वेबसाइट पर वंदे मातरम् एक्टिविटी से जुड़ी सेल्फी लेने, फोटो और छोटे वीडियो अपलोड करने की सुविधा भी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ जिला मुख्यालय, स्थानीय निकाय क्षेत्रों और तहसील स्तर पर महत्वपूर्ण स्थानों पर वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा।

## पुलिस दूरसंचार के 110 कार्मिकों को मिलेगा सम्मान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस दूरसंचार विभाग के जांबाज अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा को सराहने के लिए सोमवार प्रातः 7:30 बजे एक भव्य पदक वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर के घाट गेट स्थित पुलिस दूरसंचार लाइन में आयोजित होने वाले इस गरिमामय कार्यक्रम में विभाग के 110 कार्मिकों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था संजय अग्रवाल होंगे। उनके साथ अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएँ वी.के. सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहकर कार्मिकों का उत्साहवर्धन करेंगे। समारोह के दौरान कुल 110 पुलिस दूरसंचार कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें 31 कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 38 को उत्कृष्ट सेवा पदक, 7 को डीजीपी डिस्क, 3 को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह, 9 को अति उत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 कार्मिकों को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। विशेष बात यह है कि इन सम्मानित होने वाले कार्मिकों में कुछ सेवानिवृत्त कार्मिक भी शामिल हैं, जिन्हें इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन न केवल सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों का मनोबल बढ़ाएगा, बल्कि पुलिस दूरसंचार विभाग की समर्पित कार्यशैली को भी सम्मानित करेगा।

## हिंदूजा फाउंडेशन की जल संरक्षण पहल से 3 लाख लोगों के जीवन में बदलाव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व जल दिवस के मौके पर हिंदुजा समूह की परोपकारी शाखा हिंदूजा फाउंडेशन ने घोषणा की कि उसके समग्र जल सुरक्षा कार्यक्रम जल जीवन ने राजस्थान के 197 गांवों में लगभग 3 लाख लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। यह पहल अलवर, अजमेर, हिण्डौन-करौली, बाप-फलोदी, जैतारण और रायपुर जिलों में संचालित हो रही है, जहां समुदाय-आधारित जल संरक्षण प्रयासों का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। इस कार्यक्रम के तहत छतों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली, गांवों में तालाब, चेक डैम, सामुदायिक जल भंडारण संरचनाएं और सौर ऊर्जा से संचालित पेयजल प्रणालियां स्थापित की गई हैं। इन प्रयासों से सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता में सुधार हुआ है, 400 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई मजबूत हुई है और जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिला है। हिंदूजा फाउंडेशन के सीईओ रमन कल्याणाकृष्णन ने कहा, जल सुरक्षा केवल बुनियादी ढांचे से नहीं, बल्कि सशक्त समुदायों से बनती है, खासकर महिलाओं सेए जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने संसाधनों की रक्षा और प्रबंधन करती हैं। पहले कई गांवों में महिलाएं रोजाना घंटों पानी लाने में बिताती थीं। आज बेहतर पहुंच से उनका समय बच रहा है, आजीविका को समर्थन मिल रहा है और गरिमा व आत्मनिर्भरता मजबूत हो रही है। सुजल सहेली मॉडल सामुदायिक जल सुरक्षा का एक विस्तार योग्य और टिकाऊ मॉडल बनकर उभरा है।

## मानव सेवा संस्थान में निःशुल्क अध्ययन प्रवेश प्रारंभ

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मानव सेवा संस्थान में नवीन सत्र 2026-27 के लिए बच्चों को अध्ययन हेतु प्रवेश दिया जाएगा। संस्थान द्वारा निम्न तबके के निराश्रित साधन वीहीन बालकों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु निःशुल्क शिक्षा भोजन व आवासीय सुविधा एवं अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करवाई जा रही है। संस्थान बच्चों के विकास के लिए गुणात्मक शिक्षा पर अत्यधिक जोर दे रही है। कपिल देव माटा ने बताया कि कक्षा 6, 7 व 8 में अध्ययनरत बालकों को प्रवेश दिया जाएगा।

# मानव सभ्यता की सेवा ही ईश्वर की सेवा : राठौड़

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर, सेवा समर्पण फाउंडेशन, चूरू व अग्रसेन नगर समग्र विकास समिति, चूरू के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन नगर स्थित सामुदायिक भवन में दो दिवसीय विशाल निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सचिव भूपेन्द्र राज मेहता, सेवा समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, अग्रसेन नगर समग्र विकास समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, बसंत शर्मा आदि अतिथियों ने शिरकत की और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि मानव सभ्यता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। दिव्यांग जनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना और उन्हें सशक्त बनाना हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व दायित्व है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र सैनी के नेतृत्व में सेवा समर्पण फाउंडेशन चूरू व श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय है, जिससे जरूरतमंद लोगों को कृत्रिम अंग सहायता उपकरण मिल पा रहे हैं। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सामाजिक सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सेवा समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी ने स्वागत करते हुए कहा कि दिव्यांग भाई-बहनों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। हमारी कोशिश है कि क्षेत्र का कोई भी दिव्यांग व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। सेवा समर्पण फाउंडेशन मानव सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सचिव भूपेन्द्र राज मेहता ने बताया कि समिति के सेवा शिविरों के माध्यम से 1975 से 51 वर्षों में लगभग ढाई लाख दिव्यांग जन लाभान्वित हो चुके हैं। अग्रसेन नगर समग्र विकास समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर 150 दिव्यांग जन कृत्रिम पैर/हाथ, कैलीपर, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, कान की मशीन एवं छड़ी उपकरण आदि प्राप्त कर लाभान्वित हुए। शिविर के पहले दिन 26 ट्राई साइकिल, 10 व्हील चेयर, 21 कान की मशीन, 11 बैसाखी, 03 वॉकर, 08 कैलीपर व 30 कृत्रिम हाथ/पैर आदि दिव्यांग जनों को वितरित किए गए। इस दौरान विक्रम सिंह कोटवाद, विकी टीकीवाल, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, अभिषेक चोटिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक नागेन्द्र सिंह राठौड़, गोपाल बालाण, सज्जन लाटा, सोहनलाल दाधीच, हुक्म चन्द गौड़, राजेन्द्र शर्मा, ताराचंद सैनी, प्रदीप सिंह शेखावत, मनिष सैनी, गोपीचंद तंवर, भंवर लाल गुर्जर, अख्तर खान, मोहन लाल गढ़वाल, मनिष स्वामी, अनिल सैनी, सुरेन्द्र सैनी, सोहनलाल दाधीच, रामस्वरूप शर्मा, विमल भटनागर, सुरेश शर्मा, डीके सैनी, गोपीचंद तंवर, सज्जन लाटा, मनीष सैनी, ओमप्रकाश तंवर, भंवर लाल सैनी, केके शर्मा, महावीर सिंह खारिया, हुक्मचन्द गौड़, सोहनलाल दाधीच, रामावतार शर्मा, जगदीश दाधीच, राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर, राजेन्द्र सैनी, गजेन्द्र महर्षि, राजेन्द्र शर्मा, देवकीनन्दन, मनमोहन महर्षि, महावीर स्वामी, परमेश्वर शर्मा, जगदीश चोटिया, राजेन्द्र सिंह राठौड़, राजेश सैनी, परमेश्वर तिवारी, खींवाराम पाटवाल, सुशील महर्षि, सुभाष चंद्र इंदौरिया, सोमेश शर्मा, अनिल भाकर, राजेन्द्र सैनी, रजत शर्मा, कपिल रक्षक, दीनदयाल खारड़िया, महेंद्र कश्यप, सीताराम कश्यप, जुगल किशोर कमां आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. रविकांत शर्मा व महावीर स्वामी ने किया।

## गौशाला में यात्री प्रतीक्षालय सहित विभिन्न गौसेवा कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला जाखल में रविवार को गौसेवा एवं जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल रहे। इस दौरान अतिथियों द्वारा गौशाला परिसर में निर्मित दो यात्री विश्राम स्थलों का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही भामाशाह श्यामसुंदर सौंथलिया प्रवासी मुंबई द्वारा गौशाला को पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा कार्यों के लिए एक पेयजल टैंकर समर्पित किया गया। साथ ही अपना कर्म गौ उपचार सेवा समिति सौंथली के लिए एक गौग्रास सेवा रथ भी भेंट किया। तथा गौशाला में प्रस्तावित गौ मोक्ष धाम का विधिवत शिलान्यास भी किया गया।इस मौके पर उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भामाशाह रामजीलाल मूंड, भामाशाह सत्येंद्र सिंह शेखावत, भामाशाह रमेश कुमार गदैया, भोड़की गौशाला अध्यक्ष शिवराम सिंह, बुगाला गौशाला सचिव महावीर सिंह, भवानी सिंह शेखावत, शिवकरण जानू गीतांजलि ज्वेलर्स, राजकुमार मूंड, प्रह्लाद सिंह जाखड़, रामवतार स्वामी, आरपी सिंह दिल्ली, अशोक डांगी, हरलाल सांखणीय, धमोरा गौशाला अध्यक्ष रामकरण मांडिया, बीरबल मंडीवाल, बनवारी लाल मील, गौरीशंकर गुप्ता, दिलीप अग्रवाल सौंथली सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस दौरान गौशाला विकास हेतु भामाशाहों द्वारा सहयोग राशि भी दी गई। इसमें रामजीलाल मूंड प्रवासी असम द्वारा 5 लाख रुपए, श्यामसुंदर सौंथलिया द्वारा 2.51 लाख तथा रमेश कुमार गदैया, सत्येंद्र सिंह शेखावत एवं आर.पी. सिंह दिल्ली द्वारा 1.51-1.51 लाख का सहयोग दिया गया। इसके अलावा रामवतार स्वामी टीफू एवं भवानी सिंह शेखावत द्वारा 51-51 हजार, मेरा संकल्प संस्था जाखल, नत्थूसिंह खेदड़ द्वारा 21 हजार, मोहनलाल खेदड़ द्वारा 11 हजार तथा अन्य भामाशाहों द्वारा भी सहयोग राशि प्रदान की गई। इस प्रकार गौशाला को कुल लगभग 15 लाख रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ। गौशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड ने सभी अतिथियों एवं भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही गौसेवा के कार्य निरंतर गति प्राप्त कर रहे हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

## भामाशाहों ने किया नवीन विद्यालय भवन का अवलोकन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री सूरजमल, हीरालाल, काशीराम, कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, तारानगर के नवीन भवन का रविवार को भामाशाह निरंजन कंदोई, श्याम कंदोई, प्रमोद कंदोई ने अपने भ्राताओं के साथ अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने भवन की व्यवस्थाओं एवं निर्माण कार्य की सराहना की। अवलोकन के उपरांत 25 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

भामाशाहों ने बताया कि नवीन भवन का लोकार्पण राजस्थान सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस गरिमामय अवसर पर अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान के मंत्री शिवप्रसाद एवं राजस्थान विधानसभा के पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान अनिल सगतानी, विकास चाचाण, शिव कुमार सरावगी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन की आशा व्यक्त की।

## लोगों को दी जल संरक्षण के बारे में जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व जलदिवस के उपलक्ष में पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने भंवर लाल काला बाल मंदिर उच्च माध्यमिक में शिविर का आयोजन किया और लागों को जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम, 1974 के बारे में भी लोगों को बताया गया। इसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, भूजल प्रबंधन और विनियमन, भारतीय दंड संहिता आदि प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।

# राजस्थान मानव सेवा रत्न सम्मान समारोह में विशिष्ट हस्तियों को किया सम्मानित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में रविवार को राजस्थान पीपीजेएमएस ग्रुप द्वारा समाज सेवा-आध्यात्म और जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के लिए श्राजस्थान मानव सेवा रत्न सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संपूर्ण आयोजन ग्रुप के डायरेक्टर डॉ जीएल यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजक जीएल यादव ने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को एक सम्मानजनक मंच प्रदान करना है। यह भव्य समारोह सामाजिक एकता, सेवा भावना और मानवीय मूल्यों का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा, जिसने समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। उन्होंने बताया कि इस भव्य समारोह में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुषमा दीदी सहित 30 से अधिक ब्रह्माकुमारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए श्राजस्थान मानव सेवा रत्न से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही संत समाज की महान विभूतियों जैसे 1008 हरिओम दास महाराज, श्रीश्री 1008 धन्ना पेशावर बजरंग देवाचार्य को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले हरसहाय यादव पूर्व प्रधान सांगानेर महेंद्र यादव, मनीष सोलंकी सहित कई अन्य समाजसेवी एवं भामाशाहों का भी सम्मान हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सुषमा दीदी ने कार्यक्रम को श्समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला सशक्त कदम बताया और सभी सम्मानित व्यक्तियों को शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर विंदु दारा सिंह बतौर मुख्य अतिथि एवं सेलिब्रिटी गेस्ट मौजूद रहे। उन्होंने अपने करकमलों द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को सम्मान प्रदान किया।

उनके प्रेरणादायक विचारों ने समारोह में उपस्थित लोगों को समाज सेवा के प्रति और अधिक जागरूक एवं प्रेरित किया। समारोह में संत-महात्माओं, समाजसेवियों, राजनेताओं एवं भामाशाहों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक भव्य बना दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथि, राजनेता एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एयरफोर्स स्टेशन से जासूसी करने वाला सिविल कर्मी गिरफ्तार पाक हैंडलर्स को भेजी जा रही थी गोपनीय सूचनाएं

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान इंटेलिजेंस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए असम के एयरफोर्स स्टेशन छबुआ से जासूसी के आरोप में एक सिविल कर्मी को गिरफ्तार कर देश में सक्रिय एक बड़े जासूसी नेटवर्क का खुलासा किया है। आरोपी भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान के हैंडलर्स तक पहुंचा रहा था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि इस पूरे मामले की शुरुआत जनवरी 2026 में जैसलमेर निवासी झबराराम की गिरफ्तारी से हुई थी। उससे पूछताछ और अनुसंधान के दौरान एक अन्य संदिग्ध सुमित कुमार का नाम सामने आया, जो लगातार पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में था। जांच में सामने आया कि आरोपी सुमित कुमार 36 पुत्र बेनी माधव निवासी लाहुरपार प्रयागराज उत्तर प्रदेश वर्तमान में एयरफोर्स स्टेशन छबुआ, डिब्रूगढ़ असम में एमटीएस के पद पर कार्यरत था। वह अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एयरफोर्स स्टेशन से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं एकत्रित करता और सोशल मीडिया के जरिए पाक हैंडलर्स तक पहुंचाता था। राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने एयरफोर्स इंटेलिजेंस, नई दिल्ली के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को छबुआ से डिटेन किया और जयपुर स्थित केंद्रीय पूछताछ केंद्र लाया गया। यहां विभिन्न खुफिया एजेंसियों द्वारा संयुक्त पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी वर्ष 2023 से पाक खुफिया एजेंसी के संपर्क में था और धनराशि के बदले संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी ने एयरफोर्स स्टेशन छबुआ के साथ-साथ एयरफोर्स स्टेशन नाल जिला बीकानेर सहित अन्य सैन्य ठिकानों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इनमें लड़ाकू विमानों की लोकेशन, मिसाइल सिस्टम और अधिकारियों/कर्मचारियों से संबंधित गोपनीय जानकारी शामिल है।

इसके अलावा आरोपी अपने नाम से जारी मोबाइल नंबरों के जरिए पाक हैंडलर्स के लिए सोशल मीडिया अकाउंट बनवाने में भी मदद करता था। इस गंभीर मामले में रविवार 22 मार्च को आरोपी को शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 एवं बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत स्पेशल पुलिस स्टेशनए राजस्थान जयपुर में दर्ज प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई से देश में सक्रिय पाक समर्थित जासूसी नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है और आगे की जांच जारी है।

# गौड़ ब्राह्मण महासभा के परिचय सम्मेलन में 85 जोड़े तय




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के तत्वावधान में विद्याधर नगर स्थित परशुराम भवन में आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 20 हजार से अधिक समाज बंधुओं ने भाग लिया। सम्मेलन में 85 जोड़े तय हुए, जिनमें एक जोड़ा अमेरिका से भी शामिल रहा।

कार्यक्रम के दौरान युगल दर्पण पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि महासभा पिछले 19 वर्षों से इस सम्मेलन का आयोजन कर रही है जिससे अब तक 50 हजार से अधिक परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। इस बार देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी समाजबंधु वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं पूर्व शिक्षा मंत्री घनश्याम तिवारी, विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बृज किशोर शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने समाज की एकता, संस्कार और सामाजिक उत्थान पर जोर दिया।

प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल ने बताया कि चेन्नई, हैदराबाद, गुवाहाटी, दीमापुर, मिजोरम, आगरा, दिल्ली, गाजियाबाद, इंदौर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर सहित कई स्थानों से समाजबंधुओं ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग सरकारी अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, व्यापारी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में ब्रजेश सोनी, माधव मिश्रा, कृष्ण झालानी, आशीष शर्मा, भुवनेश, कपिल पचौरी, मनीष शर्मा, अमित मिश्रा, दीपक कराडिया, पुनीत जैन सहित कई सदस्यों का सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि तय हुए जोड़ों का सामूहिक विवाह मई माह में आयोजित किया जाएगा।

## बिहार दिवस पर सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी का आभार जताया और राज्य के विकास व सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया



नई दिल्ली।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस पर संदेश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। सीएम नीतीश ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आपने बिहार की समृद्ध विरासत, संस्कृति और प्रगति के प्रयासों की सराहना की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, हम राज्य के सर्वांगीण विकास, सामाजिक न्याय, सुशासन और आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। केंद्र सरकार का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। अब बिहार और अधिक विकसित होगा तथा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो जाएगा और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

पीएम मोदी को लेकर उन्होंने कहा, आपके मार्गदर्शन और सहयोग से बिहार के कर्मठ व प्रतिभाशाली लोग निश्चित रूप से राज्य और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इसके साथ ही, नीतीश कुमार ने बिहार दिवस पर प्रदेशवासियों के लिए बधाई संदेश भी लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा, बिहार दिवस, बिहार के समृद्ध इतिहास, बिहार के सामर्थ्य और बिहार की परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है। ये भारत की सशक्त पहचान में बिहार के अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने प्राचीन काल से ही ज्ञान, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों के माध्यम से समाज को समृद्ध किया है। इस धरा पर दिए गए भगवान बुद्ध के विचार आज भी वैश्विक चेतना का हिस्सा हैं और मानवता को मार्ग दिखा रहे हैं। इस भूमि ने आचार्य चाणक्य जैसे महान कूटनीतिज्ञ का प्रभाव देखा, जिन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के साथ मिलकर एक सशक्त और संगठित भारत की नींव रखी। ये विरासत आज भी भारत की सोच और दिशा को प्रेरित करती है।

सीएम नीतीश ने अपने पत्र में लिखा, बिहारवासियों ने देश और दुनियाभर में अपनी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई है। समाज की सेवा हो या फिर उद्योग जगत, शिक्षा का क्षेत्र हो या कला और संगीत की विधा, हर क्षेत्र में बिहारवासियों का योगदान अतुलनीय है। हर किसी के साथ मिलकर आगे बढ़ने और सफल होने की बिहार के लोगों की प्रवृत्ति बहुत ही सराहनीय है। बिहार के लोग जहां भी जाते हैं, अपने साथ राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि और मूल्यों को भी लेकर जाते हैं।

## जयपुर में चांदी की पालकी पर निकली बूढ़ी-गणगौर की सवारी

### लोगों ने लगाए माता के जयकारे; हाथी ने विदेशी पर्यटक को सूंड से दिया आशीर्वाद

जयपुर।

राजस्थान की समृद्ध परंपरा और लोक संस्कृति का अनूठा उत्सव रविवार शाम जयपुर में देखने को मिला। बूढ़ी गणगौर की शाही सवारी राजसी ठाठ-बाट के साथ निकाली जा रही है। सिटी पैलेस जयपुर से गणगौर माता की सवारी रवाना होगी। वहीं शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तालकटोरा तक पहुंचेगी। त्रिपोलिया गेट से बाहर गणगौर की सवारी निकली। लोगों ने माता के जयकारे लगाए। महिलाएं पीछे सिर पर कलश लेकर चल रही हैं। देसी पर्यटकों के साथ विदेशी पर्यटक भी गणगौर की सवारी देखने पहुंचे। इनके बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। गणगौर की सवारी से पहले अलग-अलग कलाकार प्रस्तुति दी। कच्ची घोड़ी के कलाकारों की ओर से शुरुआत हुई। इसके बाद अंगरखा पहने कलाकार गैर डांस करते नजर आए। इसमें अंगरखा पहने कलाकार गैर डांस करते नजर आ रहे हैं। राजस्थान के पारम्परिक नृत्य कालबेलिया कलाकार नजर आए, जो अपने कॉस्ट्यूम और पहनावे के साथ डांस के अंदाज को बयां करते दिखे। इसके बाद अलवर के भपंग वादक राजस्थानी धुनों को बजाते हुए नजर आए। इसमें हाथी के काफिले पर जयपुर पूर्व राजपरिवार का पचरंगा झंडा लेकर जाया जा रहा है, जो गणगौर की परम्परा का हिस्सा है। वहीं एक हाथी पर जयपुर पूर्व राजपरिवार की चांदी की गदा लेकर जाया जा रहा है। इस हाथी ने दुबई से आए पर्यटक के सिर पर अपनी सूंड से आशीर्वाद दिया।

जयपुर पूर्व राजपरिवार का शाही काफिला निकली। इसमें हाथी, घोड़े, ऊंट, बैलगाड़ी शामिल रहा। वहीं 'सारे जहां से अच्छाज' की धुनों को जिया बैंड परफार्म कर रहा है।

सवारी से निकलते के पहले ही मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों के साथ देसी-विदेशी पर्यटकों ने भी पारंपरिक आयोजन का आनंद लिया। वहीं राजस्थानी संस्कृति की झलक कैमरों में कैद की।

## महिला की लाश के साथ 13 घंटे उड़ता रहा विमान

### हॉन्गकॉन्ग से लंदन उड़ान में टेकऑफ के बाद मौत हुई

लंदन।

ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में रविवार को एक महिला यात्री की टेकऑफ के करीब 1 घंटे बाद मौत हो गई। इसके बाद उनका शव पूरे 13 घंटे तक विमान में ही रखा रहा। शव को विमान के पीछे वाले हिस्से में रखा गया था, जहां फर्श गर्म था।

इसी वजह से धीरे-धीरे बदबू फैलने लगी, जिससे पीछे बैठे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। यह घटना हॉन्गकॉन्ग से लंदन जा रही फ्लाइट में हुई। महिला की उम्र करीब 60 साल थी। पायलट ने फ्लाइट को बीच में रोकने या वापस लौटने के बजाय लंदन तक जारी रखने का फैसला किया, क्योंकि नियमों के मुताबिक ऐसी स्थिति को आमतौर पर इमरजेंसी नहीं माना जाता।

## सीजेआई बोले- एआई ज्यूडीशियरी को मजबूत करने में मदद करे

### डेटा-रिकॉर्ड संभाले, पैटर्न पहचाने लेकिन फैसले सुनाने के काम में दखल न दे

**बेंगलुरु।** सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को ज्यूडिशियल सिस्टम में इस तरह से शामिल किया जाना चाहिए जिससे यह हमारी व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसके असली काम को ही कमजोर कर दे। सीजेआई बोले- एआई को बड़ी मात्रा में डेटा और रिकॉर्ड को संभालने, पैटर्न पहचानने और सिस्टम में हो रही देरी को कम करने में मदद करनी चाहिए। वह फैसले सुनाने के काम में दखल न दे, बल्कि फैसले इंसानों के हाथों में ही रहना चाहिए। चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के बेंगलुरु में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में शामिल हुए थे। जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- विवादों की रोकथाम और समाधान विषय सेमिनार रखा गया था।

# पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ते खतरे पर पीएम मोदी की बड़ी बैठक

# एनर्जी सिक्यूरिटी के लिए बना मास्टरप्लान

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत की स्थिति की समीक्षा की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देश में पेट्रोल, कच्चा तेल, गैस, बिजली और खाद जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई को बिना किसी रुकावट के जारी रखना है।

प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कैबिनेट के कई वरिष्ठ मंत्री शामिल हुए। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि वह वैश्विक हालातों पर नजर रखते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

**गैस और ईंधन की किल्लत दूर करने के लिए कड़े कदम**-देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई को सामान्य बनाए रखने के लिए सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं। घबराहट में की जाने वाली बुकिंग में अब कमी आई है। सरकार ने राज्यों के लिए कमर्शियल गैस का कोटा बढ़ा दिया है, जिसमें अस्पताल और शिक्षण संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही, घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को नए पाइप वाली गैस कनेक्शन देने में तेजी लाने की सलाह दी गई है। गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए देशभर में लगातार छापेमारी की जा रही है। राहत की बात यह है कि अमेरिका के टेक्सास से रसोई गैस लेकर एक बड़ा जहाज मंगलुरु बंदरगाह पहुंच चुका है, जिससे सप्लाई में सुधार होगा।

### समुद्री रास्तों पर तनाव

यह समीक्षा बैठक ऐसे समय में हुई है जब होर्मु जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक रास्तों पर युद्ध के कारण तनाव चरम पर है। 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद



से इलाके में संघर्ष काफी बढ़ गया है, जिसका असर अंतरराष्ट्रीय बाजार पर पड़ा है।

औद्योगिक डीजल की कीमतों में 25 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है और यह 109.59 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। हालांकि, जहाजरानी मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खाड़ी क्षेत्र में मौजूद सभी 22 भारतीय जहाज और 611 नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। सरकार ने दोहराया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा और देश की आर्थिक स्थिरता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# राजस्थान के 8 जिलों में बारिश की चेतावनी

जयपुर।

राजस्थान में बैक टू बैक आ रहे वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ने गर्मी गायब कर दी। शनिवार को एक नया सिस्टम एक्टिव हुआ। इसके असर से जैसलमेर, श्रीगंगानगर, बाड़मेर समेत अन्य सीमावर्ती जिलों का मौसम बदल गया। जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग के अधिकांश एरिया में दोपहर बाद से बादल छाए। रविवार को 8 जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, फलोदी के एरिया में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। जैसलमेर के कई इलाकों में तेज बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया, जिससे वहां काटकर रखी फसलें खराब हो गईं। जैसलमेर के रामगढ़, कुछड़ी के एरिया में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।



### बाड़मेर में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री रहा

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से पश्चिमी जिलों में फिर से ठंडक बढ़ गई और यहां दोपहर बाद लोगों को हल्की सर्दी महसूस हुई। बाड़मेर में शनिवार का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 31.4, जोधपुर में 32.4, बीकानेर में 31.6, चूरू में 31.4, श्रीगंगानगर में 30.4, हनुमानगढ़ में 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में अधिकतम तापमान चढ़कर 28.6 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। शनिवार सुबह से दोपहर तक आसमान साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ और कई स्थानों पर छितराए बादल छाए। सीकर में भी दोपहर बाद बादल छाए। यहां दिन का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस, पिलानी (झुंझुनूं) में 29.5, अलवर में 27.5, नागौर में 31.3, झुंझुनूं में 28.8, दौसा में 29.4, अजमेर में 30.2, कोटा में 30.8 और उदयपुर में 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में सबसे ज्यादा तापमान (अधिकतम) 32.9 डिग्री सेल्सियस पाली में दर्ज हुआ।

### रात का पारा 20 डिग्री से नीचे, हल्की ठंडक बढ़ी

लगातार बारिश होने और ठंडी हवाएं चलने के कारण रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई है। प्रदेश के सभी शहरों का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 18 .8, जैसलमेर में 17 .7, चूरू में 15 .6, श्रीगंगानगर में 16, अलवर में 12 .9, जयपुर में 16 .7, सीकर में 15, पिलानी में 17 और अजमेर में 16 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान में सक्रिय हुआ है।

## बीजेपी मोर्चों के अध्यक्ष बने ढाई महीने हुए,कार्यकारिणी घोषित नहीं

### सभी नामों पर एक राय नहीं बन रही, प्रदेश कार्यकारिणी भी 480 दिन बाद घोषित हुई थी

जयपुर।

राजस्थान बीजेपी में 7 मोर्चों के अध्यक्षों की घोषणा के ढाई महीने बाद भी मोर्चों की कार्यकारिणी घोषित नहीं हुई है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने 29 दिसंबर को युवा, अल्पसंख्यक, ओबीसी, एससी, एसटी और किसान मोर्चा के अध्यक्षों की घोषणा की थी। इसके दो दिन बाद 1 जनवरी को महिला मोर्चा के अध्यक्ष की भी घोषणा कर दी गई थी। लेकिन इन मोर्चों के अध्यक्ष अभी तक अपनी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों की घोषणा नहीं कर पाए हैं। अध्यक्षों ने कार्यकारिणी के नामों की लिस्ट प्रदेशाध्यक्ष को सौंप दी है। सूत्रों के अनुसार सभी नामों पर एक राय नहीं होने पर उन्होंने उसे अभी तक अपूर्व नहीं किया है। इसकी वजह से कार्यकारिणी घोषित होने में देरी हो रही है।

### हर नियुक्ति में देरी हो रही

दरअसल, प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनने के बाद से ही सत्ता व संगठन की हर नियुक्ति में देरी देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री की घोषणा से लेकर आज तक पार्टी में हर नियुक्ति देरी से हुई है। प्रदेश में बीजेपी को 3 दिसंबर को बहुमत मिल गया था। लेकिन मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा 10 दिन देरी से 12 दिसंबर को हुई। उसके बाद से आज तक प्रदेश सरकार में मंत्रिमण्डल विस्तार में देरी हो रही है। राजनीतिक नियुक्तियों में भी देरी देखने को मिल रही हैं। इसी तरह से संगठन में भी मदन राठौड़ को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने के बाद वे करीब 480 दिन बाद अपनी कार्यकारिणी घोषित कर पाए थे। वहीं, बताया जाता है कि मोर्चों के अध्यक्षों की घोषणा भी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की नाराजगी के बाद हुई थी। इसके साथ ही संगठन पर्व में भी राजस्थान बीजेपी पीछे रही थी।

**तत्कालीन युवा मोर्चा की कार्यकारिणी ही नहीं बनी**-बीजेपी में तत्कालीन युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित चेची अपने पूरे कार्यकाल में कार्यकारिणी घोषित नहीं कर पाए। उन्होने अपनी नियुक्ति के करीब 14 महीने बाद 22 सितंबर 2024 को अपनी कार्यकारिणी घोषित की।

लेकिन 53 मिनट बाद ही उस कार्यकारिणी को रोक देने की सूचना जारी कर दी गई। इसके बाद वे अपनी कार्यकारिणी कभी घोषित ही नहीं कर सके और 20 दिसंबर 2025 को उन्हें पद से हटाकर शंकर गोरा को युवा मोर्चे का प्रदेशाध्यक्ष घोषित कर दिया गया। इसी तरह से 1 अगस्त 2025 को घोषित जयपुर शहर बीजेपी की कार्यकारिणी में 22 सिफारिशी नेताओं का खुलासा होने के बाद इसे भी वापस ले लिया गया था। करीब 5 महीने बाद फिर से कार्यकारिणी घोषित की गई।




## अमेरिका से एलपीजी, रूस से क्रूड लेकर भारत पहुंचा शिप

### गैस-कच्चा तेल लेकर 5 जहाज भारत आ चुके; फारस की खाड़ी में सभी 22 जहाज सुरक्षित

बेंगलुरु।

अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लेकर एक कार्गो शिप रविवार को मेंगलुरु पोर्ट पर पहुंच गया है। वहीं रूस से एक जहाज क्रूड लेकर भारत आया। पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य एलपीजी कैरियर एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे। फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं। फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के अहम शिपिंग रूट्स में शामिल है। यहां से दुनियाभर की करीब 20% ऑयल की सप्लाई होती है।

### असम चुनाव-कांग्रेस से आए सांसद को टिकट देने पर नाराजगी : जिन भाजपा विधायकों का टिकट कटा, उन्होंने निर्दलीय लड़ने की बात कही; सीएम ने मनाया

**कोलकाता/चेन्नई/गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम।** असम विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के भीतर नेताओं की नाराजगी सामने आने लगी है। पार्टी टिकट से वंचित कई मौजूदा विधायक और दावेदार निर्दलीय चुनाव लड़ने की धमकी दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस स्थिति को संभालने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया खुद आगे आकर नाराज नेताओं को मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है दोनों नेता उनकी बात मान गए हैं। नाराजगी की वजह कांग्रेसी नेताओं को टिकट हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं प्रद्युत बोरदोलोई और भूपेन बोरा के बीजेपी में शामिल होने के बाद बोरदोलोई को दिसपुर सीट से बोरा को बिहपुरिया सीट से पार्टी टिकट दिए गया है। इस फैसले से पार्टी के कई पुराने दावेदारों में नाराजगी बढ़ गई है।

## पूर्व-बीजेपी सांसद ने माइक पर पीएम मोदी का ऑडियो सुनाया

### बोले- प्रधानमंत्री ने मेरी बात पर मुहर लगाई; एमपी ने मुस्लिम महिलाओं से कंबल वापस लिए थे

**टोंक।** टोंक के पूर्व बीजेपी सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कंबल वितरण मामले में हुए विवाद पर कांग्रेस की बयानबाजी का पलटवार किया है। उन्होंने कहा- बताओ मैंने क्या गलत किया भाई, अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के लिए आया था। सरकारी योजनाएं तो सभी जगह जा रहीं हैं। वो कहते हैं- कंबल ही तो है। ये कंबल बांटना मेरा निजी मामला है। पीएम मोदी भी अजमेर आए थे तो मेरी बात पर मोहर लगा गए। उन्होंने कहा- आज कांग्रेस नहीं बची, आईएनसी नहीं बची। ये अब मुस्लिम लीग माओवादी पार्टी बन गई है। जौनापुरिया ने इसके बाद अपने सहयोगी से अपना फोन मंगवा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऑडियो भी माइक पर सुनाया। ये नया वीडियो 21 मार्च का है, टोंक के पीपलू में शनिवार को बीजेपी का कार्यकर्ता संवाद था।

# मुख्य सचिव ने कोटा- बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट निर्माण की समीक्षा की

# एलपीजी की कालाबाजारी पर सतर्कता रखें, पेयजल किल्लत न हो एवं हैंड पंप मरम्मत अभियान शुरू करें - मुख्य सचिव

जयपुर।

प्रदेश के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने रविवार को कोटा कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक ली जिसमें कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माण की प्रगति की समीक्षा, एलपीजी एवं गर्मियों में पेयजल की स्थिति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोटा- बूंदी एयरपोर्ट राजस्थान का पहला ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट है जो हाड़ौती के पर्यटन विकास और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा में पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एयरपोर्ट निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर प्रसन्नता व्यक्त की कि कार्य निर्धारित समय सीमा के अनुसार पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा करते हुए उदयपुर से कोटा और कोटा से भरतपुर के बीच कनेक्टिविटी की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि इस कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में जल्दी ही प्रयास किए जाएंगे। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारियों ने एयरपोर्ट निर्माण की स्थिति सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। एयरोसिटी के कांसेप्ट प्लान की भी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने विस्तार से जानकारी ली।

### एलपीजी आपूर्ति सुचारू रहे,कालाबाजारी पर रखें कड़ी नजर

मुख्य सचिव ने बैठक में जिले में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और निर्देश दिए कि गैस आपूर्ति सुचारू रहे। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग एवं कालाबाजारी ना होने पाए। इसके लिए सघन चेकिंग अभियान निरंतर चलाएं। साथ ही निर्देश दिए कि पेट्रोलियम मंत्रालय से मिले निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए जिसमें ओटीपी बेस्ड डिलीवरी, पासबुक एंट्री, पहले आओ पहले पाओ व्यवस्था से वितरण का पूरा ध्यान रखा जाए। अस्पतालों, मंदिरों, अन्नपूर्णा रसोई, कोचिंग इत्यादि में रसोई गैस आपूर्ति सुचारू रहे। उन्होंने बुकिंग, उपलब्धता, ब्लैक मार्केटिंग



रोकने के लिए सतर्कता गतिविधियों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

### गर्मी के मौसम में ना हो पेयजल किल्लत, हैंड पंप मरम्मत अभियान चलाएं

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने समीक्षा बैठक में ग्रीष्म काल में पेयजल प्रबंधन पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हैंडपंप मरम्मत के लिए सघन अभियान शुरू किया जाए और पेयजल की सुलभता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए अभी से प्रभावी कार्रवाई शुरू की जाए। बैठक में संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने एयरपोर्ट निर्माण की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि तीन माह के लक्ष्य निर्धारित कर प्रति 10 दिन में प्रगति की समीक्षा की जा रही है। साथ ही, एलपीजी की स्थिति और पेयजल प्रबंधन पर भी निगरानी रखते हुए उचित कार्रवाई की जा रही है। बैठक में आईजी राजेंद्र गोयल, जिला कलक्टर कोटा पीयूष समारिया, बूंदी कलक्टर अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक शहर तेजस्विनी गौतम, सहायक कलेक्टर आराधना चौहान उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एनआईए ने शुरू किया एक वर्षीय जेरियाट्रिक केयर असिस्टेंट कोर्स

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश में तेजी से बढ़ रही वृद्धजन आबादी और उनकी विशेष स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एनआईए, जयपुर ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जेरियाट्रिक केयर असिस्टेंट वृद्धावस्था देखभाल सहायकद्ध के लिए एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की है। यह कोर्स आयुर्वेद आधारित समग्र देखभाल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा। संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया कि यह पाठ्यक्रम न केवल प्रशिक्षित बल्कि संवेदनशील केयर असिस्टेंट तैयार करेगा, जो वृद्धजनों की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक देखभाल में दक्ष होंगे। उन्होंने कहा कि भारत में बढ़ती बुजुर्ग आबादी के साथ इस क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन की मांग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में यह पहल समय की आवश्यकता है। कायचिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एच.एम.एल. मीणा के अनुसार, यह कोर्स 12 माह 48 सप्ताह का होगा, जिसमें कुल 1296 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 144 घंटे सैद्धांतिक एवं 1152 घंटे व्यावहारिक हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण शामिल रहेगा। प्रशिक्षण हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में उपलब्ध होगा। इस पाठ्यक्रम में आयुर्वेद के जरा विज्ञान, रसायन चिकित्सा, दिनचर्या-ऋतुचर्या के साथ-साथ वृद्धावस्था में होने वाले सामान्य रोग जैसे मधुमेहए उच्च रक्तचाप, गठिया, मानसिक विकार एवं स्मृति ह्रास के प्रबंधन का समग्र प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही पंचकर्म सहायक तकनीक, पोषण, दैनिक देखभाल और नैतिक आचरण पर विशेष फोकस रहेगा। संस्थान के अत्याधुनिक चिकित्सालय एवं पंचकर्म केंद्र में संचालित यह कोर्स विद्यार्थियों को वास्तविक क्लिनिकल अनुभव प्रदान करेगा। इस कोर्स में केवल 15 सीटें उपलब्ध हैं। किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण और 40 वर्ष तक आयु के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। कोर्स पूर्ण करने के बाद अभ्यर्थियों के लिए आयुर्वेद चिकित्सालयों, वेलनेस सेंटर, वृद्धाश्रम, होम केयर सेवाओं में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे, साथ ही वे अपना स्वयं का सेवा केंद्र भी स्थापित कर सकते हैं।

# रेखा मीणा विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डिजाइनर चुनी गई




**खेतड़ी नगर** (नवयत्न)। खेतड़ी उपखंड के त्यौंदा गांव की पुत्र वधु रेखा मीणा ने यूरोप में देश, प्रदेश व जिले का डंका बजाते हुए विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डिजाइनर चुनी गई। रेखा मीणा त्यौंदा के सेवा निवृत कर्नल सुलतानसिंह छावला के बेटे विजय छावला की पत्नी है। कर्नल सुलतानसिंह छावला ने बताया कि 20 मार्च 2026 को एथेन्स यूरोप में होने वाले विश्वस्तरीय प्रतियोगिता समारोह में सन् 2025 के लिए रेखा मीणा को सर्वश्रेष्ठ डिजाइनर चुना गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता कार डिजाइन का ऑस्कर मानी जाती है। रेखा मीणा ने देश एवं प्रदेश वासियों का सीना चौड़ा और सिर गर्व से ऊँचा कर दया। रेखा मीणा यह पुरस्कार जीतने वाली पहली एशियन महिला हैं। रेखा वोल्वो कार कम्पनी स्वीडन में डिजाइन डाइरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं, रेखा ने 2023 में विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कलर एवं इन्टीरियर डिजाइनर का प्रथम पुरस्कार जीत चुकी है साथ ही 2024 में इस प्रतियोगिता की जज भी रही थी। रेखा मीणा सवाई माधोपुर निवासी भैरूंलाल मीणा एवं सरबती देवी की पुत्री हैं। रेखा राजस्थान एवं पूरे देश के युवा और युवतियों के लिए आदर्श बनी हैं। रेखा मीणा की इस उपलब्धी पर त्यौंदा गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है, घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# दशांश हवन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**जयपुर ( नवयत्न )।** हिंदू नवसंवत्सर व चैत्र नवरात्र के अवसर पर शहर में धार्मिक आयोजनों की धूम के बीच गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में निशुल्क श्रीराम-शक्ति गायत्री महायज्ञ एवं नवरात्र अनुष्ठान आयोजित हुआ। चैत्र नवरात्र में जप-साधना कर रहे श्रद्धालुओं ने अपने मंत्र-जप के दशांश के अनुसार विधिवत हवन में आहुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदमाता गायत्री, गोविंद देवजी, पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती देवी शर्मा के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। यज्ञ का संचालन डॉ राजकुमार सातनकर ने किया। सह-व्यवस्थापक मणि शंकर पाटीदार के निर्देशन में करीब 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की भावना से आहुतियां अर्पित कीं। हवन में मां दुर्गा व भगवान श्रीराम के मंत्रों के साथ विशेष आहुतियां दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक बच्चों के साथ पहुंचे, वहीं युवाओं ने भी उत्साह से भाग लिया। पूर्णाहुति पर एक बुराई त्यागने और एक अच्छाई अपनाने का संकल्प दिलाया गया। उधर शिला माता, मनसा माता, काली माता (घाट गेट), वैष्णो देवी (राजापार्क) व दुर्गापुर स्थित मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जबकि राम व हनुमान मंदिरों में रामचरितमानस व वाल्मीकि रामायण का पाठ हुआ।

# कुलरिया परिवार के आर्थिक सहयोग से नेत्र जांच शिविर आयोजित



**नोखा ( नवयत्न )।** यहां 19 से 25 मार्च तक राठी स्कूल के मैदान में आयोजित हो रही सप्त दिवसीय श्री करणी कथा स्थल पर चौथे दिन रविवार को पद्म ग्रुप के भामाशाह कानाराम, शंकरलाल और धर्मचंद कूलरिया मूलवास सीलवा ने अपने पिता ब्रह्मलिन गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन करवाया गया। इस शिविर हेतु दो दिन पूर्व धर्मचंद कुलरिया ने 2 लाख 51 हजार रुपए की घोषणा कथा के दौरान की थी । आंखों की जांच करके चश्मे के नंबर निकालने हेतु शताक्षी आई हॉस्पिटल जयपुर से टीम आई और रोगियों की जांच की गई ।

# पुरस्कृत शिक्षक फोरम झुंझुनू की शैक्षिक उन्नयन हेतु मंथन बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान, जिला झुंझुनू द्वारा निजामपुर मोड़ स्थित वायू सैनिक एकेडमी में मंथन बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम धर्मपाल गुर्जर थी। अध्यक्षता अशोक कुमार शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुकंपा अरडावतिया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, अशोक कुमार जांगिड़ सहायक निदेशक शिक्षा विभाग झुंझुनू, डॉ रामनिवास यादव शिक्षाविद एवं पर्यावरणविद्, जय सिंह माठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मौजूद थी। कार्यक्रम में झुंझुनू जिले के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत शिक्षकों के साथ साथ क्षेत्र के प्रमुख शिक्षाविदों ने शिरकत कर मंथन किया। मुख्य अतिथि पूनम धर्मपाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए पुरस्कृत शिक्षकों को सूर्य की किरणों की संज्ञा देते हुए कहा कि शिक्षक हैं जो विद्यार्थियों के जीवन में सुसंस्कारों से समाहित ज्ञान रूपी ज्योति प्रज्वलित करते हुए विकसित भारत के सपने को साकार करने हेतु प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने कहा कि फोरम द्वारा आयोजित ष्मंथन बैठकयह परिचर्चा राजकीय विधालयों में शैक्षिक उन्नयन, नवाचार, नामांकन वृद्धि एवं भामाशाह प्रोत्साहन हेतु मील का पत्थर साबित होगी। मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह बडेसरा ने बताया कि मंथन बैठक का आयोजन पधारो म्हारी खेतड़ी के थीम पर दो चरणों में किया गया जिसके प्रथम सत्र में सम्मान कार्यक्रम के अन्तर्गत फोरम संरक्षक अनुकंपा अरडावतिया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खेतड़ी, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश आदित्य, मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह बडेसरा तथा जिला अध्यक्ष जयसिंह धनखड द्वारा अतिथियों एंव राष्ट्रीयएराज्य स्तर पर पुरस्कृत शिक्षकों का पगड़ी पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया गया। अनुकंपा अरडावतिया ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। जिला सचिव रामप्रताप सैनी ने फोरम द्वारा संचालित गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में राजकीय विधालयों में शैक्षिक उन्नयन एंव नवाचार, नामांकन वृद्धि और भामाशाह प्रोत्साहन पर विशिष्ट वक्ताओं ने चर्चा की। संचालन अमरजीत सिंह बड़ेसरा ने किया। इस मौके पर डॉ. आर.एन.यादव, एडवोकेट प्रताप सिंह सिहाग, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, सहायक निदेशक सीडीईओ कार्यालय अशोक कुमार जांगिड़, सनोज कुमार मान, चंद्र प्रकाश शर्मा, बलबीर सिंह नेहरा, बलवान सिंह, अंजू सेहरावत, जगदीप यादव, वीरेंद्र अवाना सहित अनेक शिक्षाविदों ने अपने अनुभव साझा किए।

इस मौके पर वेदप्रकाश आदित्य, वायु सैनिक अकादमी डायरेक्टर रवी सिहाग, चन्द्रभान, आनंद कुमार झाझडिया, सुदेश यादव, अनिल कुमार शर्मा, सुभाषचंद्र डैला, तन सुखराम, श्यामसुंदर शर्मा, ईश्वरसिंह जांगिड़, शिवराम यादव, डॉ. ज्ञान प्रकाश शर्मा, हेतराम पायल, दिनेश कुमार, रामानंद, महेश कुमार सैनी, कैलाश चन्द्र शर्मा, महताब सिंह, गजपाल सिंह, चरण सिंह सेहरावत, कपूर चंद मीणा, रामस्वरूप, संजय चौधरी, मोनिका डांगी सहित आदि शिक्षाविदों ने भाग लिया।

## ईद पर्व स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के वार्ड 18 निवासी दाऊद लुहार ने रविवार को ईद उल फितर के पर्व पर अपने निवास पर स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रवासियों कों ईद पर्व की पार्टी दी। कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों ने आपस में एक दूसरे को ईद पर्व की मुबारकबाद दी। लोगों ने कहा दाऊद का ये सराहनीय पहल है जो समाज के लिए एक अच्छा संदेश है। इस मौके पर मुस्ताक लुहार, डॉ सुभाष चारण, डॉ अमित सिहाग, अजीत राठौड़, सुरेन्द्र पूनिया, विनोद कस्वां, राकेश शर्मा, धर्मवीर राठौड़, मांगीलाल कुलड़िया, वासुदेव शर्मा, मुबारिक लुहार, असलम, राम प्रसाद सहारण, महेन्द्र बुंदेला, बुंदे खाँ लुहार, उस्मान मलिक, विकास स्वामी, त्रिशूल भाटी, मुस्तकिम लुहार, कुंदन लुहार, बिलाल लुहार, रामाकान्त शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य उपस्थित हुए।

# श्याम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** इंदिरा गांधी नगर स्थित गोपाल सेवा भाव ट्रस्ट द्वारा चतुर्थ वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में नवसंवत्सर अभिनंदन एवं श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन रिद्धि-सिद्धि गार्डन, सेक्टर-3ए इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा में श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति रस में सराबोर हो गए। ट्रस्ट के संरक्षक अखिल शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था तथा नई पीढ़ी में संस्कार और चरित्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक दुबे ने बताया कि भजन संध्या में भजन गायक पुरुषोत्तम शर्मा बृजवासी ने हम भीड़ नहीं हैं बाबाश, जब से लगाई घर में बाबा तेरी तस्वीर और शिबगड़ी मेरी बना दे ऐ शेरों वाली मैया जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा विक्की शर्मा गंगानगर, संजू शर्मा शाहपुरा और नंदा भाई भुसावर ने भी भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण-सुदामा, राधा-कृष्ण एवं मां दुर्गा की आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के सुनील शर्मा की उपस्थिति प्रमुख रही। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए ट्रस्ट को शुभकामनाएं दीं।

# मेगा टैलेंट सर्च परीक्षा आयोजित

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** टैगोर स्कूल तारानगर में मेगा टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में क्षेत्र के दूर दराज गांवों से कक्षा 8, 9 व 10जी के 926 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक कृष्ण कुमार कस्वा ने बताया की इस प्रकार की परीक्षा टैगोर ग्रुप द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाती है ।

इस कार्यक्रम में संस्थान के गणित विषय के एचओडी एटीएम सर ने आए हुए मेहमानों का अभिनंदन करते हुए वर्तमान समय की महती आवश्यकता को देखते हुए अभिभावकों व विद्यार्थियों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उत्कृष्ट संस्थान के साथ जुड़कर अपने नौ निहालों के सपने को साकार करने का संकल्प दोहराया। एटीएम सर ने टैगोर के ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम के पीछे संस्थान की समर्पित टीम एवं उनके अनुशासन पूर्ण शिक्षण कार्य की सराहना करते हुए टैगोर ग्रुप के समस्त स्टाफ का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में भौतिक विज्ञान व्याख्याता गोपी राम सहारण ने भी वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं की आवश्यकता पर बल दिया। मंच संचालन रोहिताश गोदारा ने किया तथा बच्चों का हौसला अपनी शानदार गायन कला के साथ किया। कार्यक्रम में टीसीआई के बीआईओ एचओडी डॉ आशीष शर्मा, पीएचवाई के पवन गर्ग, संस्थान के प्रधानाचार्य बलवंत शर्मा रहे। जिन्होंने तीनों वर्ग के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 21000, 11000, एवं 5100 नकद तथा टॉप 10 स्थान तक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया।

## जीपीएच इन्द्रलोक सोसायटी के चुनाव में घनश्याम परवाल अध्यक्ष निर्वाचित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** बनीपार्क स्थित जीपीएच इन्द्रलोक रेजिडेंट्स वेलफेयर एंड मेंटेनेंस सोसायटी के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी एवं राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता गिर्राज बाढदार द्वारा किया गया। चुनाव परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर घनश्याम परवाल, सचिव पद पर अंशुल गुप्ता, उपाध्यक्ष पद पर तरुण मित्तल तथा कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश काबरा को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव के दौरान सोसायटी के सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में मतदाताओं ने भागीदारी निभाई। इस अवसर पर बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान के सचिव विरेन्द्र परवाल, जस्टिस गोवर्धन बाढदार, जस्टिस शैलेन्द्र व्यास, सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष रवि गुप्ता, पूर्व सचिव विदित भूरा, सदस्य डॉ. पुष्पेन्द्र गर्ग, समाजसेवी दीक्षांत शर्मा, अधिवक्ता कपिल बाढदार, शंशाक शर्मा, रूपेन्द्र सुरोलिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सोसायटी के विकास एवं सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# सिंधी फिल्म ससु सेर नूंह सवा सेर का स्थानीय जैम सिनेमा में नि:शुल्क प्रदर्शन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड के उपलक्ष्य में राजस्थान सिन्धी अकादमी एवं सिन्धी सेंट्रल एसोसिएशन रजि. जवाहर नगर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक सिंधी फिल्म ससु सेर नूंह सवा सेर का स्थानीय जैम सिनेमा में नि:शुल्क प्रदर्शन किया गया । इस फिल्म का एक और शो सोमवार 23 मार्च को प्रातः 8:45 बजे से 11:45 बजे तक जैम सिनेमा में किया जाएगा। अध्यक्ष रतन ऐलानी ने कहा कि फिल्म में दिखाया गया था कि बहू को भी बेटी के समान समझें और उसके साथ अच्छा व्यवहार करें एबाहरी आडम्बर मुक्त समाज है।

फिल्म में जयपुर की कलाकार नंदिनी पंजवानी ने उत्कृष्ट अभिनय किया और वो इस शो में उपस्थित रहीं, उनका स्वागत गीतांजलि ऐलानी एचंचल लक्खी ने किया। समाजसेवी ललित राजू का स्वागत तुलसी संगतानी ने किया गया । फिल्म देखने अर्जुन मेघराज, गिरधारी मनकानी, ईश्वर मोरवानी, प्रमोद नवानी मोहन नानकानी एमनोहर राजानी, हरीश कर्मचंदानी, सुरेश जयचंदानी, मनोज मामनानी, सुशील पारवानी, हीरा लाल बदलानी, विजय धनवानी एएम एम मोरवानी, सन्नी वर्धानी, विजय बालानी, शिव प्रसाद पंत, लक्ष्मण मोटवानी सहित वीणा कर्मचंदानी, राजकुमारी करनानी, डॉ. माला कैलाश, पूजा चंदवानी, पार्वती बागवानी, प्रिया नंदवानी, हेमा मलानी, नमीषा खेमनानी,हेमलता बालानी, प्रिया चेतावनी सहित कई विशिष्ट और आमजन सम्मिलित हुए।



# 22वीं पैदल यात्रा जीण माता के लिए रवाना

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** संजय नगर ढाणी ढहरवाला से रविवार को 22वीं पैदल यात्रा का जत्था जीण माता के लिया रवाना हुआ। संघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह घुमरिया ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष छठी तिथि को जीण माता के निशान चढ़ाया जाएंगा। बलबीर चौधरी, कृष्ण घुमरिया, सत्यवीर घुमरिया, सुरेन्द्र चौधरी, नंदराम घुमरिया, राजवीर चौधरी, रामकुमार घुमरिया, कुलदीप चौधरी, दिनेश चौधरी, सुनील चौधरी, प्रियांशु घुमरिया सहित अनेक श्रद्धांलूओं ने माता के जय कारे लगाते हुए जीण माता के लिए रवाना हुए।

# हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद के कंवरपुरा बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सत्यनारायण भगवान मंदिर में शंकर लाल मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित हुई। हनुमान जन्मोत्सव को बालाजी मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें 1 अप्रैल को निशान और कलश यात्रा निकलेगी जो कि सत्यनारायण मंदिर से कंवरपुरा मंदिर पंहुचेगी, 2 अप्रैल को बाबा की ज्योत, झांकी, महा आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है। इस अवसर पर जगदीश पूनिया, सुरेश पूनिया, नंदलाल खंडेलवाल, प्रद्युम्न खंडेलवाल, बसंत कनोरिया, सुरेश नुआवाला, सुभाष



टेलर, विनोद कौशिक, उमाशंकर शर्मा, राधेश्याम सैनी, गोविंद स्वामी, सीताराम सैनी, मुकेश भार्गव, ताराचंद कालेर, अजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# पालिका क्षेत्र में गंदगी का अंबार, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी



निसं

**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** दांता नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। कस्बे के भार्गव मोहल्ले में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैले गंदे पानी के कारण जहां दुर्गंध फैल रही है, वहीं बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोजाना उन्हें इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। खासकर स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को काफी दिक्कत होती है। कई बार बाइक चालक फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं, जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से जल्द से जल्द नालियों की सफाई कर समस्या का समाधान करने की मांग की है। वहीं, दांता रोडवेज बस स्टैंड के पास भी सफाई व्यवस्था बदहाल नजर आई। यहां कचरा पात्र उल्टे और टूटे-फूटे पड़े हैं तथा आसपास कचरे का ढेर लगा हुआ है। इससे स्पष्ट है कि सफाई के लिए खर्च होने वाले बजट के बावजूद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# एक ही छत तले 5 विभागों के कार्य होने से ग्रामीणों को राहत

## लिफ्ट नहीं लगने से वरिष्ठजनों को हो रही परेशानी

निस

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा पंचायत समिति के तत्कालीन प्रधान कन्हैयालाल सियाग के अथक प्रयासों से पंचायत समिति परिसर में मिनी सचिवालय की तर्ज पर बनाए गए तीन मंजिला नवनिर्मित एकीकृत प्रशासनिक भवन में पांच विभागों ग्रामीण पंचायत राज विभाग पंचायत समिति, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग वन विभाग, महिला एवं बाल विकास प्रयोजन अधिकारी ब्लॉक शिक्षा विभाग और ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालयों से होने वाले कार्य एक ही जगह एक ही छत तले हो जाने से ग्रामीणों को रात मिल रही है । लेकिन इस तीन मंजिले भवन में अभी तक लिफ्ट नहीं लगने से वरिष्ठजनों को ऊपरी मंजिलों में आने जाने से कठिनाई हो रही है। जबकि इस नव निर्मित भवन में लिफ्ट हेतु जगह सुरक्षित रखी गई है। राजस्थान पेंशनर समाज नोखा के अध्यक्ष इन्द्रचन्द मोदी ने विकास अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए लिफ्ट लगवाने का आग्रह किया जा रहा है ताकि हमारे वृद्ध पेंशनरों और ग्रामीणों के वृद्धजनों को राहत मिल सके। यह अधूरा कार्य पूर्ण होने से भवन पूर्ण होगा।

# विराट हिंदू चेतना यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर निकलने वाली विराट हिंदू चेतना यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। यात्रा संयोजक गजानंद जोशी व सह संयोजक राम शर्मा रोड़ा ने बताया कि यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न स्तरों पर लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में यात्रा की रूपरेखा, जिम्मेदारियों का बंटवारा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विहिप के जिला मंत्री सतीश झवर ने बताया कि इसी क्रम में कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टोलियां बनाकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। टोली स्तर पर घर-घर संपर्क कर समाज के सभी वर्गों को यात्रा में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मातृशक्ति से विशेष संपर्क अभियान भी चलाया गया, जिसमें महिलाओं को इस धार्मिक आयोजन में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर रामनवमी महोत्सव समिति के द्वारा यात्रा के रूट चार्ट का विधिवत विमोचन भी किया गया। तय मार्ग के अनुसार यात्रा को सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से निकालने की योजना बनाई गई है। समिति के नारायण राठी, रेवत छींपा, एस के शर्मा सुरेश गहलोत तुलसीराम उपाध्याय, सुनील, इंद्र, मोहित सेवक, गौतम सोनी सहित विभिन्न कार्यकर्ताओं को यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, जल व्यवस्थाए एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं बांटी गई जिससे यात्रा को सुगमता एवं शांति के साथ संपन्न कराया जा सके। समिति के पदाधिकारियों ने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाएं।

# जमीन पर कब्जा करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी नगर पुलिस ने देर शाम को हरियाणा पुलिस की मदद से जमीन पर कब्जा करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिस ने दो हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि खेतड़ीनगर पुलिस को एसटीएफ गुरूग्राम द्वारा सूचना मिली कि आपके थाने में दर्ज जसरापुर में जमीन पर कब्जा करने के मामले में शामिल नसीब पुत्र रामफल निवासी समसपुर नारनौल की ओर आया हुआ है। सूचना पर एचसी महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर नारनौल भेजा गया। इस दौरान खेतड़ी नगर पुलिस व एसटीएफ गुरूग्राम हरियाणा के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरोपी नसीब को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अप्रैल 2021 में ग्राम जसरापुर में जमीन पर अवैध कब्जा करने के प्रकरण में फरार चल रहा था जिसकी टीमों द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी नहीं मिलने पर दो हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। इससे पूर्व पुलिस ने जबरन जमीन पर कब्जा करने के मामले में 17 आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर लिया था । थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राकेश कुमार, एचसी महेन्द्र, कांस्टेबल योगेश, सुमेर, मनीष कुमार आदि शामिल थे।

# श्री नवलगढ़ विद्यालय कमेटी की 125 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

## देश में विख्यात पदों पर आसीन पूर्व छात्रों का किया सम्मान







निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** शेखावाटी की प्राचीनतम संस्था श्री नवलगढ़ विद्यालय की संचालक संस्था श्री नवलगढ़ विद्यालय कमेटी, कोलकता की 125 वीं वर्षगांठ (1901-2026) बीएड कॉलेज परिसर में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में स्थित सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए भव्य समारोह में मुख्य अतिथि चेयरमैन, रूपा एंड कंपनी के पद्मश्री प्रहलादराय अगरवाला थे। कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जालान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष तथा जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन के निवर्तमान अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, निवर्तमान सचिव कैलाशपति तोदी, कमेटी के सचिव पवन जालान विशिष्ट अतिथि थे। देश के जाने माने प्रख्यात मनोरोग विशेषज्ञ एवं विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ शिव गौतम, कैंसर रोग विशेषज्ञ मुम्बई प्रवासी एवं विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ अनिल सांगानेरिया, कलकता प्रवासी एडवोकेट सत्यनारायण सोनी, कमेटी की उपाध्यक्ष सुधा जालान, रश्मि जालान, प्रवासीगण रमेश बंग, विरेन्द्र धोका, प्रांजल मोदी तथा सुरेन्द्र भटड़ सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री नवलगढ़ उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री नवलगढ़ महिला महाविद्यालय तथा एसएन गर्ल्स बीएड कॉलेज के संयुक्त वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिनमें देशभक्ति, पारंपरिक लोकगीत, पंजाबी, हरियाणवीं गीतों के साथ-साथ महाभारत पर आधारित नृत्य नाटिका द्रौपदी चीर हरण एवं पद्मावत का शानदार मंचन किया गया। कमेटी के मानद चेयरमैन बनवारी लाल जालान को शिक्षा के प्रति समर्पण एवं संस्था की अनवरत सेवा करने पर लाइफटाईम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही संस्था की 125 वर्ष की निर्बाध एवं सफल यात्रा का विवरण प्रस्तुत करने वाली आकर्षक स्मारिका का विमोचन किया गया। सत्र के दौरान शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रहलादराय अगरवाला ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में सतत् परिश्रम से ही श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने संस्था के सफल 125 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाऐं एवं बधाई दी। अध्यक्ष ओमप्रकाश जालान ने संस्थाओं के उत्थान के लिये किये जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्थाओं की प्रगति में धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। कमेटी के सचिव पवन कुमार जालान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

विशिष्ट अतिथि शिव कुमार लोहिया ने मायड़ भाषा राजस्थानी में संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे विद्यार्थी बनने के साथ-साथ श्रेष्ठ मनुष्य बनना भी आवश्यक है अतः संस्थाओं में संस्कार युक्त शिक्षा देने का प्रयास होना चाहिए। संस्था के पूर्व छात्र डॉ शिव गौतम तथा डॉ अनिल सांगानेरिया ने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए विद्यालय से जुड़े अपने संस्मरण साझा किये। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ अरविन्द भालोठिया, प्रशासनिक अधिकारी सुनील सैनी, तीनों संस्था प्रधान रणजीत सिंह शेखावत, डॉ वंदना शर्मा, डॉ संतोष पिलानियां कोआर्डिनेटर मुरारी लाल इन्दौरिया के अलावा डॉ दयाशंकर जांगिड़, कैलाश चोटिया, डॉ केडी यादव, कैलाश चंद्र सिंगडोदिया, भाजपा जिला मंत्री योगेन्द्र मिश्रा, बीरबल सिंह गोदारा, एडवोकेट अश्विनी महर्षि, विजय प्रकाश धूत, हरीश परसरामपुरिया, सीताराम बिरोलिया, दिनेश भगेरिया, कृष्ण गोपाल जोशी, डॉ अनिल शर्मा, महेश मिश्रा, तरूण मिंतर, राजेश कोलसियावाला, सज्जन जोशी, रामअवतार सबलानिया, मुरली मनोहर चोबदार, श्रीकांत पारीक सहित पत्रकार गण एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप-प्राचार्य जस्सा सिंह ने किया।

# डॉ हस्तीमल आर्य की पुस्तक देश के परिवेश में का हुआ विमोचन

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि बाल साहित्य वर्तमान युग की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में पुस्तकें पढ़ने की आदत का विकास बाल साहित्यिक पुस्तकों के माध्यम से हो सकता है।

डॉ घनश्याम नाथ विगत दिवस भारतीय साहित्य विकास न्यास एवं श्री जागृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ कवि डॉ हस्तीमल आर्य हस्ती के बाल काव्य संग्रह देश के परिवेश में के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। जोधपुर के डॉ सावित्री मदन डागा साहित्य भवन में हुए इस समारोह में डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने लेखक डॉ हस्तीमल आर्य हस्ती की पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि इसमें एक चिकित्सक होने के नाते डॉ आर्य ने बाल मनोविज्ञान का बहुत ध्यान रखा हैं। उन्होंने आगंतुकों से कहा कि बच्चों से अपनी मातृभाषा में बात करने की आदत डालने से हम उनके विरासतन सांस्कृतिक संस्कारों का संरक्षण कर सकेंगे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार सत्यदेव संवितेन्द्र ने कहा कि बच्चों का साहित्य वह पूंजी है, जिससे राष्ट्र का निर्माण होता है। विशिष्ट अतिथि संगीत नाटक अकादमी के पूर्व सचिव रंगकर्मी महेश कुमार पंवार ने कहा कि देश के परिवेश में पुस्तक की संस्कारवान कविताएं बाल मन का सुलभ चित्रण हैं। पुस्तक पर डॉ विकास आर्य, शिशु हृदयरोग विशेषज्ञ ने पत्रवाचन किया। समारोह में मंचस्थ प्रसिद्ध लोक गायक कालूराम प्रजापति ने भी अपना सान्निध्य प्रदान किया। समारोह का संचालन मनशाह नायक ने किया। अन्त में श्री जागृति संस्था के अध्यक्ष राजेश भेरवानी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जाने माने साहित्यकार, शिक्षाविद् डॉ प्रगति गुप्ता, चांदकौर जोशी, हंसराज बारासा, जागृति के सचिव हर्षद भाटी, केके लालस, धर्मपाल बिस्सा, सुषमा चौहान, नीलम व्यास स्वयंसिद्धा, एडवोकेट प्रशांत आर्य, एडवोकेट निंबावत, डॉ मनीषा डागा, सूर्यप्रकाश वर्मा, हंसराज चौहान, रमा आर्य, जितेन्द्र जालोरी, ताराराम बौद्ध, डॉ कविता डागा, केके लालस, बसन्ती पंवार, सुरभि खत्री, लुभास राठौड़, हरि प्रकाश पिपरालिया आदि कई साहित्यकार तथा गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष ने किए तिरूपति बालाजी के दर्शन



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** लोजपा पार्टी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष एस के मिश्रा के सुजानगढ़ आगमन पर गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने उनका स्वागत किया। मिश्रा ने स्थानीय तिरूपति बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की और मंदिर की भव्य शिल्पकला को अद्भुत बताया। इसी प्रकार गांधी आश्रम में भी मिश्रा का सुभाष बैदी, कैलाश सुरोलिया सहित अनेक लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

निसं

दांतारामगढ़ (नवयत्न)। दांता कस्बे में स्थित महर्षि परशुराम पीजी कॉलेज में सोमवार को स्व. डॉ बालमुकंद दीक्षित की द्वितीय पुण्यतिथि पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था निदेशक सुरेश शर्मा एवं व्यवस्थापक पवन कुमार शर्मा ने बताया कि इस शिविर का आयोजन 23 मार्च को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा जो कि सायं 04:00 बजे सम्पन्न होगा। इस शिविर में एसएमएस जयपुर, एसके अस्पताल सीकर, मित्तल हॉस्पिटल सीकर एवं जीवन ज्योति अस्पताल चौमूं की ब्लड बैंक टीमें रक्त संग्रहित करेगी। गौरतलब है कि गत वर्ष प्रथम पुण्यतिथि पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 515 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था।



# दूसरे दिन गणगौर की निकली सवारी

**राजलदेसर (नवयत्न)।**

राजलदेसर कस्बे के मैन बाजार में गणगौर का मेला धूमधाम से भरा गया । गणगौर-ईशर की निकली सवारी ।

गौर-ईशर का विधि विधान से फेरा का आयोजन हुआ महिलाओं ने गौर माता के दर्शन करके देश में खुशहाली की कामना की। इसी मैन बाजार में अस्थाई तौर पर खाने-पीने की बच्चों के खिलौने की दुकान भी लगाई गई। महिलाओं एवं बच्चों ने जमकर खरीदारी की साथ ही घर-घर भी गौर माता का पूजन किया गया जिसमें सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। वही कन्याओं ने 16 दिन की पूजा अर्चना करके अपने परिवार की उन्नति के लिए गौर माता से आशीर्वाद लिया । एवं विधि विधान से गणगोर का विसर्जन भी किया गया ।

इस अवसर पर पंडित देवकीनंदन दाधीच शाहिद कस्बे के अनेकों गणमाने व्यक्ति उपस्थित थे।

# झुंझुनू की शादी बनी मिसाल, सादगी और संस्कार को दी प्राथमिकता



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर में एक ऐसी शादी संपन्न हुई। जिसने परंपराओं के नाम पर चल रही कई सामाजिक कुरीतियों को पीछे छोड़ते हुए समाज को नई दिशा देने का काम किया। आमतौर पर राजपूत समाज की शादियों में जहां खाने के साथ शराब और नॉनवेज को परंपरा का हिस्सा माना जाता रहा है। वहीं इस विवाह समारोह में इन सभी चीजों से पूरी तरह दूरी बनाकर एक सकारात्मक संदेश दिया गया। स्त्री शक्ति महिला समूह की संयोजिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता ललित राठौड़ और व्यवसायी कुंवर वीरेंद्र सिंह शेखावत ने अपने पुत्र बुद्धदेव सिंह शेखावत की शादी को सादगी, संस्कार और समाज सुधार का उदाहरण बना दिया। इस विवाह में न तो शराब परोसी गई और न ही नॉनवेज भोजन रखा गया। इतना ही नहीं, वर्षों से चली आ रही वस्त्र व्यवहार जैसी परंपरा को भी त्याग दिया गया। जिससे अनावश्यक सामाजिक दबाव को खत्म करने की पहल दिखाई दी। सबसे प्रेरणादायक पहल रहीकृदहेज प्रथा का पूर्ण बहिष्कार। दोनों परिवारों ने मिलकर यह साबित किया कि रिश्तों की नींव लेन.देन पर नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और संस्कारों पर टिकी होती है। शादी के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दूल्हा-दुल्हन की अगुवाई में 100 पौधे लगाए गए और उनकी देखरेख का संकल्प लिया गया। जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित संदेश है। भात में प्राप्त 1 लाख 13 हजार रुपये की राशि को भी निजी उपयोग में न लेते हुए बालिका शिक्षा के लिए दान कर दिया गया। यह कदम न केवल शिक्षा के महत्व को दर्शाता है, बल्कि समाज में बेटियों के सशक्तिकरण का मजबूत संदेश भी देता है। यह विवाह लादड़िया डीडवाना निवासी मंजू कंवर और ठाकुर सुरेंद्र सिंह राठौड़ की सुपुत्री डॉ. सिमरन राठौड़ के साथ संपन्न हुआ। पूरे झुंझुनू जिले में इस अनूठी और संदेशपरक शादी की सराहना हो रही है। वर पक्ष की ओर से की गई इस पहल को स्वागत वधु पक्ष ने भी किया। उन्होंने भी वस्त्र व्यवहार को ना किया। साथ ही मास-मदिरा निषेध का पालन किया। इस शादी में पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, पूर्व आईजी सुरेंद्र सिंह शेखावत, पुरस्कृत आरईएस मोहनसिंह प्यांवा, आरईएस किशनसिंह राठौड़, एडवोकेट गोविंदसिंह राठौड़, श्री शार्दुल एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव बजरंगसिंह शेखावत, पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत आदि शामिल हुए। जिन्होंने इस पहल की प्रशंसा की। वहीं परिवार ने राजस्थान एजुकेशन बोर्ड के पूर्व सेक्रेट्री सवाई सिंह शेखावत को इस कार्य के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। यह शादी सिर्फ दो परिवारों का मिलन नहीं, बल्कि एक सोच का बदलाव है, जहां दिखावे की जगह सादगी, कुरीतियों की जगह संस्कार और परंपराओं के नाम पर बोझ की जगह समाज के प्रति जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी गई। ऐसी पहलें निश्चित रूप से समाज को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होंगी।

# इंटर डिपार्मेंट डे नाईट क्रिकेट टेनिस बॉल प्रतियोगिता आज से

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के नेहरू मैदान में सोमवार शाम चार बजे स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाईट क्रिकेट टेनिस बॉल प्रतियागिता का शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता को लेकर शनिवार को तहसीलदार सुनिल कुमार ने नेहरू मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों की टीमों ने रविवार सुबह से ही मैदान में पचीने बहाते हुए नजर आएं। तहसीलदार सुनिल कुमार ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उचित दिशा निर्देश दिए। तहसीलदार सुनिल कुमार ने बताया कि केसीसी के नेहरू मैदान में सोमवार शाम चार बजे स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाईट क्रिकेट टेनिस बॉल प्रतियागिता का शुभारंभ किया जाएंगा। प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारिया जोरों पर चल रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों की टीम प्रशासन, चिकित्सा, वन विभाग, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, नगर पालिकाए वकील एकादश, पशु चिकित्सा, कृषि विभाग, पत्रकार एकादश, विद्युत विभाग, पंचायत समिति और शिक्षा विभाग की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का समापन तीस मार्च को होगा। सभी मैच शाम 5 बजे से नेहरू मैदान में दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का अनुभव मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190